वर्ष 24, अंक 179, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 7 जनवरी 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पुराने पाप खुलने का सता रहा डर- सीएम योगी



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (श्इ-ऋ फ्अट-ऋ) अधिनियम के विरोध को लेकर भारत गुट की कड़ी आलोचना की और कहा कि अगर वे इस कानून का समर्थन करते हैं तो उनके पुराने कुकर्म उजागर हो जाएंगे। इस अधिनियम को एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक सुधार साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस इसलिए बुलाई गई है क्योंकि जिन लोगों पर वर्षों से देश के संसाधनों को लूटने का आरोप है, वे अब बेनकाब होने से चिंतित हैं। मुख्यमंत्री योगी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि आज की हमारी प्रेस कॉन्फ्रेंस प्रधानमंत्री द्वारा संसद के हालिया शीतकालीन सत्र के दौरान उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों के बारे में है... इस संबंध में एक महत्वपूर्ण अधिनियम पारित किया गया है, जिसे वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 के नाम से जाना जाता है। यह अधिनियम भारत के ग्रामीण विकास परिदृश्य में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस की आवश्यकता इसलिए उत्पन्न हुई है क्योंकि जिन्होंने लंबे समय तक देश के संसाधनों को लूटा है, गरीबों को भूखा मरने और युवाओं को पलायन करने और बेरोजगारी की पीड़ा झेलने के लिए मजबूर किया है, वे अब चिंतित हैं कि यदि वे ऐसे सुधारों और ग्रामीण विकास के प्रति इस पारदर्शी दृष्टिकोण और विकसित भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं, तो उनके कुकर्म उजागर हो जाएंगे।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वीबी जी राम-जी अधिनियम एक नए भारत की नींव होगा, और कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार हो सकता है जब राज्य विकसित हों, जो तभी प्राप्त किया जा सकता है जब इसकी मूलभूत इकाई, गांव, विकसित हो। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी और श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा, तभी विकसित भारत का दृष्टिकोण आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा कि यह एक विकसित भारत की नींव रखेगा। एक विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार हो सकता है जब राज्य विकसित हों। राज्य तभी विकसित होंगे जब हमारी मूलभूत इकाई, गाँव, विकसित होगी। जब हम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएंगे, जब हमारे किसान आत्मनिर्भर बनेंगे और जब श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित होगा।

## योगी कैबिनेट की अहम बैठक में इन 13 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

### शिक्षा को लेकर लिए गए बड़े फैसले

**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार (6 जनवरी 2026) को लखनऊ में कैबिनेट की एक महत्वपूर्व बैठक आयोजित की गई. जिसमें कुल 14 प्रस्ताव रखे गए थे जिनमें से 13 प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी मिली है. प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट बैठक को लेकर मीडिया को बताया कि प्रदेश के विकास, रोजगार सृजन, पारिवारिक संपत्ति प्रबंधन और शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में कई अहम निर्णय लिए गए हैं.

स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कहा, कैबिनेट बैठक में स्टांप एवं पंजीयन विभाग से संबंधित प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी मिली है. मंत्री रविन्द्र जायसवाल के मुताबिक, परिवार का सदस्य अगर कोई अपनी प्रॉपर्टी (कोई भी प्रॉपर्टी ) परिवार(ब्लड रिलेशन) के सदस्य को देगा (दान करेगा) तो अब स्टाम्प केवल 5000 रुपये पड़ेगा. उन्होंने कहा कि 2 और भी प्रस्ताव पारित हुए हैं जिसमें कुशीनगर और झांसी में स्टांप कार्यालय निर्माण शामिल.

**'वित्त वर्ष में 21 उद्योग कंपनियों का होगा निर्माण'**

मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि Global Capacity Center....आज हमने इस नीति की sop लाए हैं जिसे पारित किया गया. वित्त वर्ष 21 उद्योग कंपनियों का निर्माण और कुछ का संचालन शुरू हो रहा है जिससे निवेश बढ़ेगा और अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा. इसमें 10000 से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिलेगा.



**फर्जी डिग्री मामले में खर विश्वविद्यालय की मान्यता समाप्त**

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि आज खर विश्वविद्यालय शिकोहाबाद जिसकी स्थापना 2015 में हुई थी. समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला कि कुछ स्टूडेंट्स की फर्जी मार्कशीट का मामला प्रकाश में आया था. उन्होंने कहा कि, "हमने विभाग वार भी जांच के आदेश दिए लेकिन वहां से कोई अपेक्षित सहयोग नहीं मिला. जिस पर धारा 55(3) के तहत जांच के आदेश हुए जिसमें डीएम फिरोजाबाद को जांच के आदेश दिए गए."

उन्होंने यह भी कहा कि, "फिर बाद में गृह विभाग के आर्थिक अपराध शाखा को जांच के आदेश दिए गए. जांच आख्या प्राप्त होने के बाद ये निर्णय लिया गया कि इस विश्वविद्यालय की मान्यता समाप्त की जाए. अब खर की मान्यता समाप्त होने के बाद आगरा इफ आंबेडकर विश्विद्यालय छात्रों की डिग्री और सर्टिफिकेट का सत्यापन करगी और संचालन करेगी।

## जो लोग ढपली बजाते हुए देशविरोधी नारेबाजी करते हैं उन्हें समझना चाहिए कि उनकी विचारधारा का ढोल फट चुका है

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिल्ली दंगा साजिश मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इंकार किए जाने के बाद जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) का परिसर एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गया है। हम आपको बता दें कि जमानत याचिकाओं के खारिज होते ही जेएनयू के कुछ छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर के भीतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक और विवादास्पद नारे लगाए। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में सरकार विरोधी और उकसाने वाले नारों की गूंज साफ सुनी जा सकती है।

देखा जाये तो जेएनयू में टुकड़े टुकड़े गैंग एक बार फिर वही कर रहा है, जिसके लिए वह कुख्यात रहा है, खुलेआम देश की संवैधानिक संस्थाओं के फैसलों को सड़कछाप नारों से चुनौती दी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय किसी सरकार का नहीं, बल्कि भारत के संविधान और कानून का निर्णय होता है। लेकिन टुकड़े-टुकड़े गैंग की सोच यहीं अटक जाती है। इनके लिए न्यायपालिका तब तक स्वीकार्य है, जब तक फैसला उनकी विचारधारा के अनुकूल हो। जब कोई अदालती फैसला इन्हें अपनी विचारधारा के विपरीत नजर आता है ।

## प्रियंका गांधी को मिली कांग्रेस की नई जिम्मेदारी

### क्या पलट पाएंगी सियासी बाजी ?

**असम**

**कांग्रेस** नेतृत्व का मानना है कि असम में एक निष्क्रिय आंतरिक नेटवर्क, जिसे पार्टी संभावित स्लीपर सेल कहती है, अभी भी सक्रिय है और संगठनात्मक निर्णयों को प्रभावित कर रहा है। वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, जो कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए,



राज्य में कांग्रेस ढांचे के भीतर कुछ व्यक्तियों पर अपना प्रभाव बनाए हुए हैं। पार्टी को अब उम्मीद है कि प्रियंका गांधी वाड्रा की अधिक सक्रिय भागीदारी इस प्रभाव को बेअसर करने में सहायक होगी।


## 'क्रियायोग-सनातन धर्म' ही महात्मा गांधी का सिद्धांत



क्रियायोग आश्रम महात्मा गांधी के सिद्धांत पर सेवारत है। आश्रम में रहने वाला व्यक्ति चाहे वह आश्रम के संस्थापक, निदेशक के साथ सभी स्वामीगण हों या कोई और हों, सभी लोग अपने कमरे और बाथरूम की सफाई स्वयं करेंगे, अगर संभव हो तो औरों की भी मदद करेंगे।



KRIYAYOGA

हं क्षं

The Highest Way to God

"I remember my meeting with Mahatma Gandhi. The great prophet brought a practical method for peace to the warring modern world. Gandhi, who for the first time applied Christ principles to politics and who won freedom for India, gave an example that should be followed by all nations to solve their problems.

Meaning of all nations is people of the all nations.

*-By Paramahansa Yogananda in his last speech.*



# सरकारी आदेशों की अनदेखी : कड़ाके की ठंड में कक्षा 8 तक के छात्रों को बुलाया जा रहा स्कूल

● कांपते मासूम, पर्याप्त गर्म कपड़ों का अभाव ● सवालों से बचते रहे विद्यालय संचालक

● ठंड के बीच आदेशों की अनदेखी

● पत्रकारों से अभद्रता और धमकी का आरोप

● प्रशासन की चेतावनी, कार्रवाई पर टिकी निगाहें

अखंड भारत संदेश



जिलाधिकारी प्रयागराज के आदेश के बाद भी कक्षा 8 तक के छात्रों को बुलाया जा रहा है स्कूल

**करछना।** करछना क्षेत्र में मंगलवार को कड़ाके की ठंड के बीच कई विद्यालय संचालकों ने सरकारी निर्देशों को दरकिनार कर स्कूल खोल दिए। ठंड से कांपते मासूम बच्चों को सुबह-सुबह विद्यालय पहुंचने के लिए मजबूर किया गया, जिससे प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना और बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ का मामला सामने आया है।

प्रशासन द्वारा ठंड को देखते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि 15 जनवरी तक सभी विद्यालयों में शिक्षण कार्य पूर्णतः बंद रहेगा। आदेश के अनुसार केवल शिक्षक ही विद्यालय आ सकते हैं, इसके बावजूद करछना और कौंधियारा क्षेत्र के कई विद्यालय खुले पाए गए। मंगलवार की सुबह भीषण ठंड में बच्चों को स्कूल बुलाया गया। कई बच्चों के पास पर्याप्त गर्म कपड़े तक नहीं थे। ठंड से सिकुड़ते बच्चों के चेहरों पर भय और असहजता साफ झलक रही थी, जो किसी भी अभिभावक के लिए चिंता का विषय है।

जब इस संबंध में विद्यालय संचालकों से बातचीत की गई तो उन्होंने तरह-तरह के तर्क देते हुए जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने का प्रयास किया। कुछ विद्यालय संचालक तो अभद्रता पर उतर आए और पत्रकारों को धमकी देने से भी नहीं चूके। इस घटनाक्रम से शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक आदेशों के पालन पर सवाल खड़े हो गए हैं।

मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह ने स्पष्ट कहा कि जिन विद्यालयों ने आदेशों की अवहेलना करते हुए कड़ाके की ठंड में बच्चों को विद्यालय बुलाया है, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज अनिल कुमार ने भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि आदेशों की अनदेखी करने वाले किसी भी विद्यालय को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी करछना से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन नॉट-इनकमिंग मिला। इसके बाद बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी से भी जवाब तलब करने और बिना आदेश विद्यालय खोलकर पठन-पाठन कराने वाले संचालकों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही।

हालांकि अब बड़ा सवाल यह है कि क्या वास्तव में दोषी विद्यालय संचालकों पर सख्त कार्रवाई होगी या फिर हीलाहवाली और सांठगांठ के चलते मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो इसका खामियाजा मासूम बच्चों और उनके अभिभावकों को भुगतना पड़ेगा।

# माघ मेला में घाट की तलाश में घाट-घाट भटक रहे कल्पवासी

● आस्था पर भारी पड़ रही प्रशासन की उदासी

● सड़क शौचालय सफाई व्यवस्था केवल मेला प्रशासन की फाइल में कैद

**प्रयागराज।** आस्था का महापर्व प्रयागराज माघ मेला शुरू हुए लगभग एक सप्ताह होने वाला है किंतु व्यवस्था में इतनी कमियां हैं कि कल्पवासी और श्रद्धालु स्नान घाटों की तलाश में घाट घाट भटक रहे हैं और मेला प्रशासन की उदासीनता आस्था पर भारी पड़ रही है।

उल्लेखनीय है कि पुल नंबर दो और तीन सदैव से ही माघ मेले में अति महत्वपूर्ण रहे हैं किन्तु इस बार गंगा पार पूर्वी तट पर स्नान घाटों का निर्माण समाचार लिखे जाने तक नहीं किया गया है ऐसे में कल्पवासी संत महात्मा और श्रद्धालु गणों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। पुल नंबर दो त्रिवेणी मार्ग पर सभी सम्मानित शंकराचार्य एवं प्रमुख संतों को स्थान दिया गया है किंतु अभी तक वे वांछित सुविधाएं नहीं मिल पाने से असंतुष्ट लग रहे हैं। संत महात्माओं के शिविर में रहने वाले कल्पवासियों और श्रद्धालु भक्तों को स्नान करने एक नंबर पुल पर अथवा चार नंबर पुल पर बहुत दूर जाना पड़ता है। पुल नंबर दो और तीन से गंगा के समीप संपर्क मार्ग भी आनन फानन में केवल खाना पूर्ति के लिए बना दिए गए हैं जिन पर कीचड़ और उखड़ी हुई चकर्ड प्लेटें यत्र तत्र दुर्घटना को दावत दे रही हैं।

आश्चर्यजनक तो यह है कि मेला प्रशासन द्वारा दो और तीन नंबर पुल पर पूर्वी भाग में स्नान घाटों को बनाने में कोई रुचि नहीं दिखाई पड़ती है। अतीत में इन दोनों पुलों पर घाटों की इतनी घोर उपेक्षा कभी नहीं देखी गई थी। आज इस पर बैरिकेडिंग भी कर दी गई है जिसके कारण कल्पवासी और श्रद्धालु निराशा जताते हुए दुखी हैं।

शौचालय सफाई और सड़क निर्माण में भी कोई प्रगति नहीं हुई है जबकि इन दोनों पुलों पर उपरोक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने में विगत वर्षों में इस तरह उपेक्षा नहीं की गई थी। लोगों ने अविलंब माघ मेला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए आशा व्यक्त की है कि कल्पवासियों और श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# जे के उपाध्याय इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज नियुक्त

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अधिवक्ता जय कृष्ण उपाध्याय को इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त किया है। इस आशय की अधिसूचना भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के संयुक्त सचिव जगन्नाथ श्रीनिवासन ने आज जारी की है। श्री उपाध्याय इलाहाबाद हाईकोर्ट में उत्तर प्रदेश सरकार के अपर शासकीय अधिवक्ता हैं ।

विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने इनके नाम की सिफारिश इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज बनाये जाने को लेकर केंद्र सरकार को भेजी थी । केंद्र सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश पर श्री उपाध्याय को इलाहाबाद हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया है ।

# इलाहाबाद हाई कोर्ट का पुलिस को आदेश, कहा कि तलाशी-जब्ती की आडियो-वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य बनाएं

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया है कि वह तलाशी और जब्ती प्रक्रियाओं की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग बीएनएसएस के सेक्शन 105 के अनुरूप करे। कोर्ट ने कहा है कि इस नियम का पालन न करने पर संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

बाइकों की चोरी से जुड़े मामले में आरोपित मुजफ्फरनगर निवासी शादाब की जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को निर्देशित किया है कि वह इस संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कराएं।

प्रकरण में पुलिस ने मोटरसाइकिलों की जब्ती की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं की थी, इससे कोर्ट को संदेह हुआ कि पुलिस ने सही तरीके से काम नहीं किया है। कोर्ट ने कहा है कि इस तरह की रिकार्डिंग से निर्दोष लोगों को गलत आरोपों से बचाया जा सकेगा और अपराधियों को सजा दिलाई जा सकेगी। यह जमानत व ट्रायल में सहायक होगी।

कोर्ट ने कहा, ह्यबीएनएसएस का सेक्शन 105 विशेष रूप से पुलिस अधिकारियों को गलत तरीके से सबूत तैयार करने से रोकने और निष्पक्ष जांच के लिए विश्वसनीय सबूत प्रदान करने के लिए बनाया गया है।ह्ल कोर्ट ने यूपी बीएनएसएस रूल्स 18 के साथ बीएनएसएस का सेक्शन 105 पढ़ते हुए कहा कि तलाशी या जब्ती की प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग को केस डायरी का हिस्सा बनाया जाना चाहिए और इसे 48 घंटों के भीतर मजिस्ट्रेट को भेजना चाहिए।

पीठ का कहना था कि हालांकि डीजीपी की तरफ से 21 जुलाई, 2025 को ऐसी रिकॉर्डिंग की अनिवार्यता के बारे में सर्कुलर जारी किया है, लेकिन नियम 18(5) के अनुसार नेशनल क्राइम रिकार्डर्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के साथ मिलकर विस्तृत एसओपी अभी जारी नहीं किया गया है।

कोर्ट ने कहा कि उसके सामने कई ऐसे मामले आए हैं जहां रिकवरी के संबंध में कोई स्वतंत्र गवाह नहीं मिला और तब भी ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं की गई। निर्दोष लोगों को झूठे मामले में फंसाए जाने से बचाने और जमानत अर्जी की सुनवाई में जांच में टिकने वाले सबूत तैयार करने के लिए निर्देशों का पालन जरूरी है। जेलों में भीड़भाड़ और सह-आरोपियों को मिली जमानत के मद्देनजर कोर्ट ने अर्जी मंजूर कर ली। मुकदमे से जुड़े तथ्य यह हैं कि आरोपित का नाम एफआइआर में नहीं था। छह मामले गिरफ्तारी के बाद दर्ज किए गए। सह आरोपित सोहेब तथा ओवैस को जमानत मिल चुकी है। आरोपित 16 अप्रैल 2025 से जेल में है। आरोपितों के खिलाफ थाना मंसूरपुर में बीएनएस की धारा 305(2), 317(2)के तहत केस दर्ज है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में गरीबों को मिला कंबल उपहार



**करछना।** विधानसभा करछना अंतर्गत ग्राम पंचायत डीहा में विजय क्लिनिक डीहा मे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों का निःशुल्क परीक्षण किया गया और दवाएं दी गई साथ ही दूर दराज अलग-अलग गांवों से अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने आए गरीबों को ठंड से राहत हेतु जिला पंचायत सदस्य व विजय क्लिनिक के निदेशक डॉ विजय बाबू यादव ने सैंकड़ो गरीब अशहाय लोगों को कंबल देकर सम्मानित किया और कहा कि गरीब अशहाय लोगों को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उन्हें स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है और ठंड से राहत के लिए उन्हें कंमल उपहार स्वरूप दिया गया। स्वास्थ्य परीक्षण एवं कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ विजय बाबू यादव सदस्य जिला पंचायत जितेंद्र शुक्ला एडवोकेट प्रेमचंद आदिवासी ओम प्रकाश आदिवासी मनी बहादुर यादव संजय यादव बाबा पाल गंगा शंकर विश्वकर्मा श्याम बहादुर यादव ब्रह्मचारी यादव जगदीश यादव विमल बाबू राज नारायण कृष्ण कुमार यादव मुलायम यादव सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा गंगापार कार्यकर्ताओं की बैठक में नए मतदाता जोड़ने पर जोर

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार के कार्यकताओं द्वारा गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रपत्र अभियान के तहत नए मतदाताओं को जोड़ने को लेकर सहसों चौराहे पर एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहसों के पूर्व मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश दुबे ने की।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पार्टी कार्यकर्ता शक्ति केंद्र संयोजकों एवं मंडल पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्येक बूथ पर संपर्क करते हुए नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य करेंगे। साथ ही सूचीबद्ध तरीके से मतदाताओं की लिस्ट तैयार कर उसका रिकॉर्ड सुरक्षित रखने पर भी जोर दिया गया। मंडल अध्यक्ष पुष्कर पटेल ने कहा कि समय की कमी को देखते हुए अधिक से अधिक ऑनलाइन आवेदन कराए जाएं, ताकि कोई भी नया मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री



पवन कुमार शुक्ला, सूर्य मणि पांडे, सुरेश कुमार त्रिपाठी, शिवम पांडे, सतेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, शत्रुघ्न शुक्ला, तीर्थराज सिंह, रवि पाल, रंजय पटेल, आनंद तिवारी, जितेंद्र तिवारी, वीरेंद्र कुमार शुक्ला सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज मतदाता बनने के लिए छात्रों को किया प्रेरित





अखंड भारत संदेश

**जसरा।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के तहत उप जिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम ने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्रों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मतदाता ही भारतीय लोकतंत्र की नींव है। विद्यालय की प्रवक्ता शिल्पा यादव ने पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्रम प्रदान कर उनका स्वागत किया। प्रधानाचार्य डा०योगेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में उप जिलाधिकारी महोदया एवं उनके साथ आए हुए सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में प्रयाग संगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, सुनील कुमार साहू, चंद्रशेखर, अचलेंद्र जायसवाल, कुलभूषण मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव, रितेश प्रजापति, रामजी त्रिपाठी के साथ विद्यालय के सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

## पत्रकार के बड़े भाई का निधन, परिजन शोकाकुल



**जंघई।** एक हिंदी दैनिक अखबार के संवाददाता शिवकुमार पटेल निवासी भगतपुरवां, चांदोपारा प्रयागराज के सबसे बड़े भाई लाल बहादुर पटेल 80 का मंगलवार की सुबह हार्ट अटैक आकस्मिक से निधन हो गया है। पांच भाइयों में दिवंगत लाल बहादुर पटेल सबसे बड़े भाई थे, निधन के बाद लाक्षागृह घाट पर देर शाम उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके निधन से परिवार, रिश्तेदार, गांव, क्षेत्र एवं पत्रकारों में शोक की लहर है सभी ने दिवंगत आत्मा हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया है।

## भण्डा गांव निवासी रामराज सिंह का निधन, परिजन शोकाकुल



**जंघई।** भण्डा गांव निवासी रामराज सिंह का हृदय गति रुक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है परिजनों ने लाक्षागृह घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। रामराज सिंह बहुत ही सामाजिक, मिलनसार, उदार प्रवृति के थे उनके आकस्मिक निधन से परिवार के सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल है। गांव, क्षेत्र एवं रिश्तेदारों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। शोक संतप्त परिजनों में भाई मातादीन सिंह अध्यापक, नन्हे सिंह, पुत्र कुंदन सिंह, सुनील सिंह, अनिल सिंह, प्रवीण सिंह, प्रदीप सिंह, हर्ष सिंह, हिमांशू सिंह, प्रिंस सिंह, अंकित सिंह, कृष्णा सिंह, प्रियांशु सिंह, प्रीत सिंह सहित तमाम लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

# माघ मेला 2026 : कला संगम में शास्त्रीय, भक्ति और लोक रंगों से सजी संध्या

## वाराणसी, प्रतापगढ़, गाजीपुर और ब्रज की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समा, श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

अखंड भारत संदेश






**प्रयागराज।** श्रद्धालुओं, सनातन परंपराओं और विविध संस्कृतियों के संगम स्थल माघ मेला 2026 में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित कला संगम कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को परेड ग्राउंड सेक्टर-3 में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भव्य संध्या सजी। शास्त्रीय संगीत, भजन, लोकगीत और लोकनृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं और दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

**शास्त्रीय संगीत की तानों से गूंजा पंडाल**

कार्यक्रम की शुरूआत वाराणसी के प्रख्यात शास्त्रीय गायक देवाशीष डे की सशक्त प्रस्तुति से हुई। उन्होंने ह्लनीलिमा लालिमा, कहूं श्वेता कहूं वेताह्व तथा ह्लशिव की जटा में देखिए, क्या-क्या बहार हैह्व जैसी शास्त्रीय रचनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे श्रोताओं ने पूरी तन्मयता के साथ सुना और सराहा।

**भक्ति रस में डूबी संगम की शाम**

इसके पश्चात प्रतापगढ़ की प्रसिद्ध भजन गायिका डॉ. शिवानी ने गंगा और यमुना मैय्या की महिमा का भावपूर्ण गान किया। ह्लदौड़त कि आवें जहां दुनिया बदली, बहुतै नीक लागे संगम की नगरीह्व तथा ह्लगंगा द्वारे बधइया बाजे, मैय्या के तीरे तीरथ बसत हैह्व जैसे भजनों से उन्होंने श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति रस घोल दिया।

**लोकनृत्य और लोकगीतों ने बिखेरा रंग**

गाजीपुर से आए सलटू राम व उनकी टीम ने धूमिया लोकनृत्य की हृदयस्पर्शी प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। वहीं मथुरा से आए ब्रज के लोकगीत कलाकार कपिल शर्मा ने ह्लगोपी बनकर शंकर आए, महारास के दर्शन पाएह्व जैसे मधुर लोकगीतों से जनसमूह का दिल जीत लिया।

**लोक नृत्य नाटिका ने मोहा मन**

प्रयागराज की प्रख्यात कलाकार सोनाली चक्रवर्ती व उनकी टीम ने ह्लराम मय हनुमानह्व लोक नृत्य नाटिका का सजीव और भावपूर्ण मंचन किया, जिसने दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया।

**सेलिब्रिटी कलाकार की मनमोहक प्रस्तुति**

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण वाराणसी की प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका मधुमिता भट्टाचार्य रहीं। उन्होंने राग यमन में विलंबित चाल, द्रुत ख्याल, तीन ताल और दादरा की प्रस्तुति के साथ-साथ मधुर भजनों का गायन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**सम्मान और संचालन**

कार्यक्रम का सुंदर एवं सशक्त संचालन उद्घोषिका शांभवी शुक्ला ने किया। अंत में सभी कलाकारों और उनकी टीमों को नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र एवं गुलाम सरवर द्वारा अंगवस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कला संगम की इस सांस्कृतिक संध्या ने माघ मेला 2026 में भारतीय कला, संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत की अनुपम झलक प्रस्तुत की।

# माघ मेला क्षेत्र में एटीएस की मॉक ड्रिल सुसाइड बॉम्बर को दिखाया नाकाम

## पक्का घाट पर हुआ अभ्यास, आपात हालात में त्वरित कार्रवाई की परखी गई तैयारी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी को परखने के उद्देश्य से मंगलवार को एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की ओर से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पक्का घाट के पास आयोजित इस अभ्यास में सुसाइड बॉम्बर की एक काल्पनिक घटना को दशार्ते हुए उसे समय रहते सफलतापूर्वक नाकाम किया गया।

**भीड़भाड़ वाले इलाके में घुसने का दिखाया गया दृश्य**

मॉक ड्रिल के दौरान यह दशार्या गया कि एक सुसाइड बॉम्बर भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में प्रवेश कर जाता है। सूचना मिलते ही एटीएस के कमांडो तत्काल मौके पर पहुंचते हैं और पूरे इलाके की घेराबंदी कर सुरक्षा व्यवस्था अपने हाथ में ले लेते हैं। आम लोगों को सुरक्षित दूरी पर भेजते हुए पूरे क्षेत्र को नियंत्रित किया गया।

**बम डिस्पोजल और डॉग स्क्वायड ने संभाला मोर्चा**

इसके बाद बम डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीडीएस) और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया। स्निफर डॉग की मदद से संदिग्ध विस्फोटक को ट्रेस किया गया। इसी दौरान एटीएस की टीम ने सुसाइड बॉम्बर को काबू में लेकर उसके शरीर पर पहनी जैकेट को सावधानीपूर्वक अलग किया, जिसमें विस्फोटक सामग्री लगी हुई थी।

सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए बम डिस्पोजल स्क्वाड ने विस्फोटक को निष्क्रिय किया। पूरी कार्रवाई के दौरान एटीएस की त्वरित प्रतिक्रिया, आपसी समन्वय और रणनीति का लाइव प्रदर्शन किया गया।

**सुरक्षा बलों की तत्परता का हुआ परीक्षण**

यह मॉक ड्रिल एटीएस माघ मेला प्रभारी लायक सिंह के नेतृत्व में कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभ्यास का उद्देश्य किसी भी संभावित आतंकी खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा बलों की तैयारी को परखना और उन्हें और अधिक सशक्त बनाना है।

**मेला प्रशासन और सुरक्षा अधिकारी रहे मौजूद**

मॉक ड्रिल के दौरान मेला प्रशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। अभ्यास के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि माघ मेले की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर परिस्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क और तैयार ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिव्यांगता समिति की बैठक सम्पन्न

**कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के निर्देश, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र शीघ्र शुरू होगा**

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति, जिला अनुश्रवण समिति, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र संचालन समिति एवं लोकल लेबल कमेटी की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समिति में शामिल सभी सदस्यों का परिचय प्राप्त किया तथा उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विशेष अभियान चलाकर निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत मिलना चाहिए, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

**मंडल मुख्यालय में खुलेगा जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र**

बैठक में शासन के निदेर्शों के क्रम में मंडल मुख्यालय पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की स्थापना को लेकर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने आईएएसई परिसर में स्थित रेमेडियल (प्रशिक्षण हाल) को अस्थायी रूप से हस्तगत कराते हुए शीघ्र संचालन प्रारम्भ कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

**विभिन्न विभागों के अधिकारी व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि रहे मौजूद**

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्राचार्य आईएसएसई, प्रधानाचार्य राजकीय महिला शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके साथ ही डॉ. के.एन. मिश्र, प्रधानाचार्य उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, पूनम सिंह (सचिव, भाविनी वेलफेयर सोसाइटी), लवलेश सिंह, पंकज श्रीवास्तव सहित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की भी सहभागिता रही।

# एसआरएन अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा जल्द होगी शुरू, कमेटी ने दी सहमति

**प्रयागराज।** किडनी ट्रांसप्लांट की शुरूआत अब एक कदम दूर रह गई है। स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) चिकित्सालय में इसके लिए जिस पहले जरूरतमंद मरीज और दानदाता (मां-बेटे) का अंतिम रूप से चयन हुआ है विधिक रूप से उनके समस्त अभिलेखों पर सोमवार को मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज में कमेटी ने सहमति जता दी है।

प्राचार्य डॉ. वीके पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में यूरोलाजी और नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष, पूर्व आइजी कवींद्र प्रताप सिंह समेत चयनित सामाजिक कार्यकताओं ने हरी झंडी दे दी। अब 12 जनवरी को केवल सामाजिक कार्यकर्ता, एक अलग कक्ष में किडनी के जरूरतमंद और दानदाता का बयान वीडियोग्राफी के बीच लेकर अंतिम मुहर लगाएंगे।

स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में किडनी ट्रांसप्लांट के लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक मुख्यालय लखनऊ से हरी झंडी अक्टूबर 2025 में दी थी। इसके बाद से अब तक ट्रांसप्लांट विधिक प्रक्रिया पूरी न होने के चलते नहीं हो सका। पिछले दिनों इसके लिए अधिकृत कमेटी बनी थी।

कमेटी में प्राचार्य डॉ. वीके पांडेय, नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद गुप्ता, यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप चौरसिया, पूर्व आइजी केपी सिंह, हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद सिंह, मेडिसिन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विभु मिश्रा, समाजसेवी शांति चौधरी, नर्सिंग आफिसर प्रीति शर्मा और सुषमा प्रजापति को शामिल किया गया। इन सभी की उपस्थिति में सोमवार को दानदाता और जरूरतमंद के अभिलेखों का सत्यापन हुआ।

# कुंवरपट्टी के सोना भवन में 26 से आयोजित होगा मां शीतला कृपा महोत्सव समारोह

## बीते दो दशकों से निरंतर आयोजित यह महोत्सव मेजा के क्षेत्रीय लोगों के लिए बन चुका है आस्था,धार्मिक परंपरा और सामाजिक समरसता का प्रतीक, तैयारियां जोरों पर

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के विकासखंड उरूवा अंतर्गत कुंवरपट्टी गांव के सोना भवन स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में आगामी 26 जनवरी से पांच दिवसीय 20वां मां शीतला कृपा महोत्सव श्रद्धा भक्ति और सनातन परंपराओं के साथ भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। दो दशकों से निरंतर आयोजित हो रहा यह महोत्सव क्षेत्रीय आस्था, धार्मिक परंपरा और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन चुका है। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और क्षेत्र में उत्सव का माहौल है।

आयोजन से जुड़े डीजीएस परिवार के ब्रह्मदेव शुक्ला, सूरज देव शुक्ला,इंद्रदेव शुक्ला उर्फ राजू भैया एवं ईश्वर देव शुक्ला ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 26 जनवरी को पारंपरिक जलाभिषेक यात्रा एवं पंचांग पूजन के साथ किया जाएगा। इसके बाद लगातार पांच दिनों तक विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि महोत्सव के दूसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेदी पूजन एवं मानस पारायण प्रारंभ होगा और तीसरे दिन मां शीतला का महाभिषेक, भव्य अलौकिक श्रृंगार एवं छप्पन भोग अर्पित कर विशेष आराधना की जाएगी। इसी क्रम में महोत्सव के चौथे दिन सवा लाख पार्थिवेश्वर महादेव की स्थापना के साथ विशाल महारुद्राभिषेक का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना करेंगे जबकि पांचवें एवं अंतिम दिन पूर्णाहुति के उपरांत हवन-यज्ञ तथा विशाल भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा।



आयोजकों के अनुसार यह पावन आयोजन वर्षो से सेवा, समर्पण और आस्था के भाव के साथ संपन्न कराया जा रहा है। हर वर्ष मेजा क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों से हजारों श्रद्धालु मां शीतला का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं, जिससे यह महोत्सव क्षेत्र की धार्मिक पहचान बन गया है। दो वर्ष पूर्व इस महोत्सव में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की थी। उन्होंने यहां दिव्य दरबार लगाकर सनातन संस्कृति के संरक्षण पर बल दिया था और आयोजन की सराहना करते हुए इंद्रदेव शुक्ला उर्फ राजू भैया के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की थी। मां शीतला कृपा महोत्सव की एक विशिष्ट पहचान सामाजिक सरोकार भी है।

बीते वर्षों में 31 एवं 51 कन्याओं के सामूहिक विवाह हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न कराए गए। इसी क्रम में इस वर्ष भी एक माह बाद 51 कन्याओं के सामूहिक विवाह की योजना बनाई गई है, जिसकी तैयारियां जोरों से प्रारंभ हो चुकी हैं।आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से सपरिवार इस पावन आयोजन में सहभागी बनने और मां शीतला की कृपा प्राप्त करने की अपील किया है।

### प्रयागराज एयरपोर्ट से लखनऊ और अयोध्या जैसे शहरों के लिए शुरू होगी हवाई सेवा

**प्रयागराज।** संगम नगरी के विमान यात्रियों के लिए नए साल में एक बड़ी और राहत भरी खबर है। प्रयागराज एयरपोर्ट से जल्द ही नई विमानन कंपनी 'शंख एयर' अपनी सेवाओं की शुरूआत करेगी। लंबे समय से बंद पड़ी अंतरराज्यीय उड़ानों के बाद, अब शंख एयर के आने से प्रयागराज की हवाई कनेक्टिविटी को नए पंख लगने की उम्मीद है।

# अभियान का उद्देश्य है शिक्षा स्वास्थ्य आत्मरक्षा और जीवन कौशल जैसे क्षेत्रों में जागरूक करना : जी श्रीनिवास राव

## मेजा ऊर्जा निगम में बालिका सशक्तिकरण अभियान के शीतकालीन सत्र समारोह का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मंगलवार को मेजा ऊर्जा निगम द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान के शीतकालीन सत्र 2025-26 के उद्घाटन समारोह का आयोजन सेंट जोसफ स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया।

जिसके मुख्य अतिथि मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. श्रीनिवास राव रहे। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को शुभकामनायें दी और बालिकाओं को पढ़ने एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती कविता राव रही। कार्यक्रम का स्वागत भाषण


मेजा ऊर्जा निगम में आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम में भाग लेती बालिकाएं

मानव संसाधन विभागाध्यक्ष विवेक चंद्रा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का समापन उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अजय सिंह के धन्यवाद प्रस्ताव से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मेजा ऊर्जा निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण, अपराजिता महिला समाज की पदाधिकारी, एसोसियसन एवं यूनियन के पदाधिकारियों के साथ 40 बालिकाएँ एवं उनके अभिभावकगण मौजूद थे। इस दौरान बालिका सशक्तिकरण अभियान से लाभान्वित दो बालिकाओं ने अपना अनुभव भी सबसे साझा किया। कार्यक्रम के दौरान सभी बालिकाओं के लिए स्कूल बैग का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि इस एक सप्ताह की कार्यशाला का लक्ष्य बालिकाओं के रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को उभार कर आत्मविश्वास बढ़ाना एवं सामाजिक समानता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। गौरतलब है कि मेजा ऊर्जा निगम ने 2019 में बालिका सशक्तिकरण अभियान शुरू किया जो भारत सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की पहल से प्रेरित है। मेजा ऊर्जा निगम द्वारा आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान का उद्देश्य लड़कियों को अधिक अवसर प्रदान कर लैंगिक असमानता को समाप्त करना है। इस अभियान के माध्यम से लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मरक्षा और जीवन कौशल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जागरूक किया जाता है।

# मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का तहसील सदर में किया गया शुभारम्भ

## 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाता कराएँ पंजीकरण




**प्रतापगढ़।** अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह द्वारा तहसील सदर में मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया जिसमें नए मतदाताओं का पंजीकरण अधिक से अधिक कराने पर बल दिया गया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापगढ़ की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर ने छात्र-छात्राओं व आमजन मानस से कहा कि 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियॉ प्राप्त की जायेंगी, मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म 06 भरकर मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नये मतदाताओं के नाम पंजीकृत किये जायेंगे अथवा पात्र व्यक्तियों के नाम जिनके नाम मतदाता सूची में छूट गये हैं, इसके लिये फार्म-6 भरकर जमा करना होगा। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने साथ-साथ अपने आस पास रहने वाले नव युवकध्युवतियाओ तथा ऐसे लोग हैं जिनका नाम सूची में नहीं है, उनका मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6 भरवाए, जिससे उनका भी मतदाता सूची में नाम जुड़ सके।उपजिलाधिकारी न्यायिकध्प्रभारी अधिकारी निर्वाचन कार्यालय तनवीर अहमद ने विस्तार पूर्वक मतदाता पुनरीक्षण के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि फॉर्म-6 के माध्यम से नया मतदाता बना जा सकता है जबकि फॉर्म-7 के माध्यम से अपना नाम डिलीट कराया जा सकता है और फॉर्म-8 के माध्यम से अपने बायोडाटा में संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जनपद में युवा मतदाताओं की संख्या बहुत कम है और महिला मतदाताओं की भी संख्या पुरुष मतदाताओं से कम है इसको हमें अधिक से अधिक पूरा करना है और विशेष मुहिम के माध्यम से सभी अर्ह मतदाताओं को उनका नाम मतदाता सूची में शामिल करवाना है। इस अवसर पर तहसीलदार सदर अनिल कुमार सहित डा0 विन्ध्याचल सिंह, अखिलेश वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार ओझा, आराधना सरोज, शिखा त्रिपाठी सहित निर्वाचन एवं तहसील के अन्य कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस ने किया।

## शीतलहर के चलते ठण्ड से ठिठुरते नजर आये राहगीर

**प्रतापगढ़।** शीतलहर के चलते मंगलवार को सड़कों पर निकले राहगीर ठण्ड से ठिठुरते नजर आये। वही गलन भरी ठण्ड में राहगीर अलाव भी तलाशते दिखे। तहसील लालगंज क्षेत्र में मंगलवार को भगवान भास्कर दिन भर बादलों की वोट में छिपे दिखे। शीतलहर के चलते ठण्ड का प्रकोप अन्य दिनों की अपेक्षा बढ़ा नजर आया। गलन भरी ठण्ड में कामकाज को लेकर निकले राहगीर ठिठुरते नजर आये। ठण्ड से बचाव को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलते नजर आये लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की प्रमुख बाजारों में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था अपवाद ही बनी दिखी। क्षेत्र के धारूपुर, जलेशरगंज, सांगीपुर, अठेहा, उदयपुर आदि क्षेत्र के सार्वजनिक मार्गो पर अलाव की समुचित व्यवस्था न होने से राहगीर हलाकान नजर आये। वही क्षेत्र की प्रमुख बाजारो में अधिकांश जगहों पर लोग खुद के प्रयास से अलाव की व्यवस्था बनाकर ठण्ड से बचाव करते दिखे।

## कपूर इलेवन की टीम ने जीता क्वार्टर मैच का मुकाबला



अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** नगर पंचायत के अझारा वार्ड में चल रहे क्रिकेट टूनामेंट में मंगलवार को क्वार्टर मैच मुकाबला हुआ। फाइनल मुकाबले के पहला क्वार्टर मैच बछवल इलेवन एवं कपूर इलेवन के बीच खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए बछवल की टीम ने निर्धारित दस ओवरों में अंश की छत्तीस रनों की बेहतरीन पारी की बदौलत तिहत्तर रनों का स्कोर खड़ा किया। जीत के लिए मैदान में उतरी कपूर इलेवन की टीम ने आठ विकेट खोकर चैहत्तर रन बनाकर विजय का सेहरा अपने नाम किया। कपूर इलेवन की ओर से रोहित मौर्य ने नाबाद अटठाईस रन बनाकर मैन आफ द मैच रहे। आयोजन समिति की ओर से कपूर इलेवन की टीम को दो विकेट से विजेता घोषित किया गया। अम्पायर की भूमिका में आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रीश पाण्डेय एवं केविन मार्शल रहे। स्कोरर की भूमिका में ललित मलिंगा रहे। आयोजन समिति के सभासद प्रतिनिधि धर्मपाल गौतम, संयोजक अजय मिश्र, संरक्षक प्रभाकर मिश्र, दीपक पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, सतीश तिवारी, कुलदीप तिवारी, अभय दुबे आदि मौजूद रहे।

## पूरेधना जंगल से सागौन पेड़ों की अवैध कटान पर प्राथमिकी दर्ज

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पूरेधना जंगल में सागौन के पेड़ों की अवैध कटान का मामला सामने आने के बाद वन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। जांच में जंगल क्षेत्र से लगभग 20 सागौन के पेड़ अवैध रूप से काटे जाने की पुष्टि हुई है।इस संबंध में 24 दिसंबर को दुखियापुर गांव निवासी हिमांशु पांडेय ने कठार गांव निवासी ओमप्रकाश यादव के विरुद्ध वन विभाग को प्रार्थना पत्र सौंपा था। शिकायत के आधार पर वन विभाग द्वारा मामले की जांच कराई गई।जांच उपरांत वन विभाग के दरोगा लालजी द्वारा पट्टी कोतवाली में तहरीर दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।इस संबंध में पट्टी कोतवाल आनंद पाल सिंह ने बताया कि आरोपी ओमप्रकाश यादव के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## राजा भैया से जिला पंचायत प्रत्याशी ने की शिष्टाचार भेंट, नववर्ष की दी शुभकामनाएं




**पट्टी।** जनसत्ता दल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, हिंदू हृदय सम्राट एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया से उनके लखनऊ स्थित आवास रामायण पर जिला पंचायत प्रत्याशी एवं समर्थकों द्वारा औपचारिक शिष्टाचार भेंट की गई। इस अवसर पर सभी ने उन्हें नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।मुलाकात के दौरान क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, पंचायत चुनाव की तैयारियों तथा ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं किसान कल्याण से संबंधित समस्याओं से राजा भैया को अवगत कराया।इस मौके पर जिला पंचायत प्रत्याशी बाबा बेलखरनाथ धाम प्रवीण मिश्र, उमेश चंद्र तिवारी (जीतू) के साथ सत्यम, शिवम सहित कई समर्थक मौजूद रहे। सभी ने जनसत्ता दल पार्टी की नीतियों एवं राजा भैया के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने की बात कही।राजा भैया ने भी सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसत्ता दल पार्टी सदैव जनहित और जनसेवा को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करती रही है। उन्होंने कार्यकताओं से क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया।

## विद्युत पोल से टकरायी बाइक, दो युवक घायल




**प्रतापगढ़।** अनियंत्रित बाइक के विद्युत पोल से टकराने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलो को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के मोतीहार देउम पूरब गांव निवासी पचीस वर्षीय सनी सरोज पुत्र राजकुमार सरोज बाइक से छब्बीस वर्षीय आशीष सरोज पुत्र सुदामा सरोज के साथ सोमवार को अपने चाचा की ससुराल समसपुर दर्रा थाना उदयपुर निमंत्रण मे गये थे। वहां से शाम करीब साढ़े सात बजे घर वापस लौटते समय भइयापुर गांव के पास घने कोहरे के चलते दृश्यता कम होने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत पोल से टकरा गयी। इससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल युवकों की चीख सुनकर आसपास से लोग पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी भेजवाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर दोनों को इलाज के लिए स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर किया गया है। स्वजन के अनुसार घायल सनी सरोज की हालत गंभीर बनी हुई है। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने एसआईआर के सम्बन्ध में की बैठक

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन आज दिनांक 06 जनवरी 2026 को कर दिया गया है। आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली जनपद के समस्त मतदान केन्द्रो, तहसील कार्यालयो, जिला निर्वाचन कार्यालय प्रतापगढ़ पर निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रगाढ़ पुनरीक्षण के समय कुल मतदाताओं की संख्या 2525130 थी। गणना प्रपत्र संग्रह के समय जिन मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र भर कर नहीं उपलब्ध कराये गये उनकी कुल संख्या 500109 है जिसमें मृतक मतदाताओं की संख्या 88885, अनुपस्थित मतदाताओं की संख्या 122019, परमानेन्ट सिफ्टेड मतदाताओं की संख्या 224304, डुप्लीकेट मतदाताओं की संख्या 49735 एवं अन्य अपमार्जित मतदाताओं की संख्या 15152 है। इस प्रकार कुल 500109 मतदाताओं के नाम अपमार्जित हुये है। वर्तमान में आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी को जनपद में अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 2025021 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल है। जिलाधिकारी ने बताया कि दावे एवं आपत्तियां 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक प्राप्त की जाएंगी तथा प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 27 फरवरी 2026 तक किए जाने हेतु आयोग द्वारा समय-सीमा निर्धारित की गई है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जायेगा। डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि नियुक्त किये गये बीएलए को निर्देशित करें कि वह सम्बन्धित बूथ लेविल अधिकारी (बीएलओ) से सम्पर्क कर मतदाता सूची में दृष्टिगोचर हुयी त्रुटियों इत्यादि को चिन्हित करने में सहयोग करें। जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से यह भी कहा कि ऐसे मतदाता जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हो उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु फॉर्म-6 (घोषणा पत्र सहित) भरवाने में सहयोग करें। इसके अतिरिक्त जिनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित है में यदि कोई संशोधन हो तो फार्म-8 भरकर सम्बन्धित बीएलओ के पास जमा कर सकते है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) आदित्य प्रजापति, उपजिलाधिकारी न्यायिक/ प्रभारी अधिकारी निर्वाचन कार्यालय तनवीर अहमद सहित राजनैतिक दलों में कांग्रेस के सुरेश कुमार मिश्र, भाजपा के राजेश सिंह, समाजवादी पार्टी के अब्दुल कादिर जिलानी व गुलफाम खां, बीएसपी के अश्विनी राणा व सादिक अली, माकपा से जय प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## लकड़ी काटने के विवाद में हुई मारपीट, क्रास केस दर्ज

**लालगंज।** पेड़ से लकड़ी काटने के विवाद में जमकर लाठी डंडे चले। जिससे कई लोग घायल हो गये। घटना को लेकर दोनों पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने क्रास केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के मनोहरी का पुरवा सगरा सुंदरपुर गांव में बीती सोमवार की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे पेड़ से लकडी काटने के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। दोनों पक्ष से जमकर चले लाठी डंडे में करीब आधा दर्जन लोग चुटहिल हो गये। घटना को लेकर एक पक्ष की देवकली पत्नी स्व0 छोटेलाल व दूसरे पक्ष की रंगीला पत्नी राजाराम की ओर से पुलिस को तहरीर दी गयी। जांच के बाद पुलिस ने दोनों पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ क्रास केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि दोनों पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच के बाद आगे उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बीएमसी चुनाव मुम्बई में सपा का प्रचार करेंगे अश्वनी सोनी



**प्रतापगढ़।** महाराष्ट्र मुंबई में महानगर पालिका के चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के मुंबई महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने प्रतापगढ़ के समाजवादी पार्टी के नेता अश्वनी सोनी को पत्र भेज कर मुंबई महानगरपालिका के चुनाव में प्रचार प्रचार में 15 जनवरी तक अधिक से अधिक समय दिए जाने का आग्रह किया है। अश्वनी मुंबई में पार्टी के उम्मीदवारों के लिये जनसभा को सम्बोधित करेंगे। अश्वनी सोनी को बीएमसी चुनाव में पार्टी के प्रचार प्रसार हेतु महाराष्ट्र मुंबई प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बुलाये जाने पर पार्टी के कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### जनपद में इफको की 2600 मैट्रिक टन यूरिया की रैक हुई प्राप्त

**प्रतापगढ़।** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता ने बताया है कि जनपद में इफको की 2600.000 मैट्रिक टन यूरिया की रैक प्राप्त हुई है। समितियां के डिमाण्ड के क्रम में जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त 130 सहकारी समितियों पीसीएफ द्वारा इसका प्रेषण किया जा रहा है। इच्छुक किसान बन्धु जिस समिति के सदस्य है वहां से आवश्यक अभिलेख (कृषक पंजिका, खतौनी, आधार कार्ड) दिखाकर अपनी जोत बही के अनुसार यूरिया प्राप्त कर सकते है। आज की तिथि में जनपद में 3513 मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। जिलाधिकारी के स्तर से रबी अभियान के लिये एक फुल रैक यूरिया की अतिरिक्त मांग की गयी है जिससे किसानों को यूरिया प्राप्त करने में किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

## आवारा पशुओं से गेहूं की फसल तबाह, किसान परेशान

**पट्टी।** आसपुर देवसरा विकासखंड की ग्राम सभा आसपुर देवसरा में आवारा पशु किसानों की मेहनत पर भारी पड़ रहे हैं। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को आवारा पशु लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान काफी परेशान हैं।गांव के किसान नन्हेंलाल, मनोज, बांके बिहारी, सुखनंदन सहित कई अन्य किसानों का कहना है कि दिन-रात खेतों की रखवाली के बावजूद आवारा पशु फसलों को नष्ट कर रहे हैं। किसानों ने इस गंभीर समस्या को लेकर जिले के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजे जाने की मांग की है।वहीं इस संबंध में ग्राम प्रधान दीपक सिंह ने बताया कि आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भिजवाने का कार्य किया जा रहा है। कुछ पशु अभी शेष हैं, जिन्हें भी शीघ्र गौशाला भेज दिया जाएगा।किसानों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## साधन सहकारी समिति पर खाद लेने गए किसान से अभद्रता व मारपीट का आरोप



**पट्टी।** खाद लेने गए एक किसान के साथ साधन सहकारी समिति के सचिव द्वारा अभद्रता एवं मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने मामले की शिकायत उप जिलाधिकारी से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के परहत गांव निवासी ओम प्रकाश सिंह का आरोप है कि वह साधन सहकारी समिति उदईशाहपुर पर खाद लेने के लिए गए थे। समिति के सचिव से खाद मांगने पर उन्हें एक सप्ताह तक सुबह-शाम बुलाकर टालमटोल की जाती रही, जबकि अधिक पैसा देने वाले लोगों को आसानी से खाद उपलब्ध कराई जाती रही।किसान का कहना है कि जब उन्होंने इस भेदभाव को लेकर सवाल उठाया और विरोध किया तो सचिव ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की की तथा मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित का आरोप है कि समिति पर आने वाले अन्य किसानों के साथ भी सचिव द्वारा इसी तरह का व्यवहार किया जाता रहा है।पीड़ित किसान ने मामले को लेकर उप जिलाधिकारी पट्टी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्रा ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, मामले की जांच कराकर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

## इंदौर में दूषित पानी से हुई मौत के बाद सतर्क हुआ बेल्हा नगरपालिका




अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौत के बाद बेल्हा में नगर पालिका से जुड़े जिम्मेदार अब सतर्क हो गए हैं जिसके तहत मंगलवार को नगर पालिका के द्वारा पंप ऑपरेटरो के साथ एक बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर पालिका के ईओ राकेश कुमार ने बताया कि पानी सप्लाई की पाइप के पास कहीं भी लीकेज दिखाई दे तो उसे तत्काल सही कराया जाए,उन्होंने बताया कि इसके लिए आम नागरिकों को भी जागरूक किया जाए और लीकेज बन्द कराने के लिए उनकी मदद ली जाए। जेई सभाजीत यादव ने पंप के आस पास साफ सफाई व खराब हुए हैंडपंपों को सूची बना कर देने को कहा। इस दौरान जलकर प्रभारी महेश तिवारी, श्याम बिहारी, धर्मेंद्र कुमार, विकास जायसवाल, विकास सिंह, बलराम गुप्ता, शिवकेंद यादव, अनिल मिश्रा, राम आधार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एलएलबी/बीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में 55 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**पट्टी।** प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालयकी बीएड एवं एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 5 जनवरी 2026 से दो पालियों में प्रारम्भ हुईं। परीक्षा के प्रथम दिवस दोनों पालियों में कुल पंजीकृत 1125 परीक्षार्थियों में से 64 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।सोमवार को आयोजित प्रथम पाली की एलएलबी प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में पंजीकृत 508 परीक्षार्थियों में से 55 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए।बताया गया कि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पट्टी को एलएलबी एवं बीएड परीक्षाओं के लिए कुल 12 महाविद्यालयों का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्राचार्य एवं केन्द्राध्यक्ष प्रो. अखिलेश कुमार पाण्डेय द्वारा सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं आंतरिक उड़ाका दल का गठन किया गया है।इस दल में प्रो. आर.बी. अग्रहरि, प्रो. मिथिलेश त्रिपाठी, डॉ. दिलीप सिंह, डॉ. वीरेन्द्र कुमार मिश्र, डॉ. राकेश पाण्डेय, डॉ. रागिनी सोनकर तथा डॉ. विकास सिंह को शामिल किया गया है।उक्त जानकारी महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा दी गई।

## ब्लॉक प्रमुख के निजी कार्यक्रम में पहुँचे राजा भइया के बड़े बेटे शिवराज प्रताप सिंह

अखंड भारत संदेश



**कुंडा।** ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह के पैतृक गांव डीहा में सोमवार को आयोजित एक निजी कार्यक्रम में जनसत्ता लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के बड़े बेटे शिवराज प्रताप सिंह शामिल हुए। पहुँचने पर वहाँ एक अलग ही वातावरण देखने को मिला, पूरा परिसर उत्साह और खुशियों से भर गया। इस दौरान कुंडा प्रमुख संतोष सिंह ने पूरे परिवार के साथ बड़े राजा शिवराज प्रताप सिंह का भव्य स्वागत किया। यह निजी कार्यक्रम उनके पौत्र के नामकरण (बराहो) कार्यक्रम था, जिसमें शिवराज प्रताप सिंह ने शुभ आशीर्वाद प्रदान किया और परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।संतोष सिंह का पूरा परिवार जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया के प्रति समर्पित है। संतोष सिंह ने इस अवसर पर कहा कि शिवराज प्रताप सिंह का आगमन हमारे लिए सम्मान की बात है। इस दौरान जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर कैलाश नाथ ओझा, जिला पंचायत प्रतिनिधि कुलदीप पटेल,प्रतिनिधि हरिओम शंकर श्रीवास्तव, समेत जनसत्ता दल लोकतांत्रिक वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व शिक्षक के निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर



**पट्टी।** महादेव प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज, महादेव नगर के पूर्व शिक्षक एवं ग्राम पीथापुर निवासी वयोवृद्ध शिक्षाविद् विश्वनाथ प्रताप यादव का सोमवार को उनके पैतृक आवास पर आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र सहित शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. विश्वनाथ प्रताप यादव अपने अनुशासनप्रिय शिक्षण कार्य, सरल व सौम्य स्वभाव तथा सामाजिक सक्रियता के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय थे। उन्होंने अपने शिक्षकीय जीवन में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का भी प्रचार-प्रसार किया।वे अपने पीछे पुत्र-पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन को शिक्षा क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।निधन की सूचना पर विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेंद्र बहादुर चैरसिया, शिक्षक अखिलेश शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. रामबोध पांडेय व धर्मराज गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश यादव, ग्राम प्रधान रामआसरे यादव, सेवा निवृत्त फॉरेस्ट रेंजर अमर बहादुर सिंह, अध्यापक सुग्रीव यादव, जयप्रकाश यादव, अरविंद यादव, सोनू यादव सहित अनेक शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की ।

# निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशित

**अखंड भारत संदेश**

**मतदेय स्थलों पर आलेख्य मतदाता सूची जनसामान्य के अवलोकन के लिए उपलब्ध**

**दावें और आपत्तिया 06 जनवरी से 06 फरवरी तक प्राप्त की जायेंगी**

**कौशांबी।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित पाल ने अवगत कराया है कि अहर्ता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 04.11.2025 से 26.12.2025 तक की अवधि में बी0एल0ओ0 द्वारा गणना प्रपत्रों के एकत्रीकरण कार्य के सम्बन्ध में जनपद में कुल मृतक मतदाताओं की संख्या 39830, अनुपस्थित 42606, शिफ्टेड 103481, डबल 30475 एवं अन्य 3306 कुल 219698 मतदाताओं के चिन्हांकन उपरान्त उनके नामों को हटाते हुए निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06.01.2026 (मंगलवार) को जनपद स्तर पर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय (तहसील) में सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा, प्रत्येक पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्र) एवं मतदेय स्थलों पर सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा कर दिया गया है। मतदेय स्थलों पर आलेख्य मतदाता सूची जनसामान्य के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेंगी। जिलाधिकारी ने जनसामान्य को सूचित किया है कि वे आलेख्य प्रकाशन दिवस दिनांक 06.01.2026 को प्रकाशित की गयी आलेख्य मतदाता सूची का अवलोकन मतदेय स्थलों पर कर सकते हैं। दावे और आपत्तिया दिनांक 06.01.2026 (मंगलवार) से दिनांक 06.02.2026 (शुक्रवार) तक प्राप्त की जायेंगी तथा उनका निस्तारण दिनांक 27.02.2026 (शुक्रवार) तक किये जाने के लिए आयोग द्वारा समय-सीमा निर्धारित की गई है। आयोग द्वारा 04 अर्हक तिथियां निर्धारित की गयी हैं। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि के दौरान यदि कोई मतदाता 01 जनवरी 2026 की अहर्ता तिथि के अतिरिक्त 01 अप्रैल, 2026, 01 जुलाई, 2026 व 01 अक्टूबर, 2026 को अर्ह हो रहे हैं, तो ऐसे मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 भरकर सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास जमा कर सकतें है एवं नामावली से नाम अपमार्जित करान के लिए फार्म-7 तथा निर्वाचक नामावली की किसी प्रविष्टि में संशोधन करने/मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रतिस्थापन/दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन करने/निवास परिवर्तन हो जाने के संबंध में फार्म-8 एवं घोषणा पत्र भरकर सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराया जा सकता है।मतदाता सूची में पंजीकरण कराने या किसी भी प्रकार की प्रविष्टि में संशोधन इत्यादि के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोग के ऐप एवं वेबसाइट के माध्यम से भी फार्म-6, फार्म-7 व फार्म-8 घोषणा-पत्र सहित सबमिट किया जा सकता है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**कौशांबी।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज दुर्गा देवी इण्टर कालेज, ओसा में अहर्ता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत आज दिनांक 06.01.2026 को आलेख्य रूप से प्रकाशित की गई निर्वाचक नामावलियों एवं 18 वर्ष आयु पूर्ण कर रहें नये मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म-6 प्राप्त करने के सम्बन्ध में मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।




## जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचक नामावलियों की प्रति मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को किया प्रदान

**कौशांबी।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित पाल ने एन.आई.सी. सभागार में आज दिनांक 06.01.2026 को आलेख्य रूप से प्रकाशित की जाने वाली निर्वाचक नामावलियों की एक-एक प्रति जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो (भारतीय जनता पाटी, सामाजवादी पाटी, कांग्रेस पाटी एवं बहुजन समाज पाटी के पदाधिकारियों को उपलब्ध कराया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शालिनी प्रभाकर उपस्थित रहीं।




# कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु कोखराज थाना क्षेत्र में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पैदल गश्त

**अखंड भारत संदेश**



**कोखराज।** कौशाम्बी जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने आमजन में सुरक्षा की भावना विकसित करने तथा बाजार क्षेत्रों में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से आज अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना कोखराज क्षेत्र में पैदल गश्त की गई।पैदल गश्त के दौरान बाजार क्षेत्र, प्रमुख चौराहों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया गया। गश्त के दौरान थाना प्रभारी कोखराज एवं कोखराज पुलिस टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही।अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा दुकानदारों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक आश्वासन दिया गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर सतर्क दृष्टि रखने, अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने एवं किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।पैदल गश्त के दौरान यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण की स्थिति, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता तथा प्रभावी पुलिस पेट्रोलिंग की भी समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने, नियमित गश्त करने तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी के साथ अपर पुलिस अधीक्षक ने जनपद मुख्यालय मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में भी भारी पुलिस फोर्स के साथ पैदल भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों को कानून व्यवस्था के प्रति सचेत किया है मंझनपुर क्षेत्र में भी उन्होंने व्यापारियों दुकानदारों से वार्ता की।

# डीएम ने की सोशल सेक्टर कार्यों के प्रगति की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**सभी पात्र लोगों को पेंशन योजना से लाभान्वित करने के निर्देश**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने कार्यालय कक्ष में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सोशल सेक्टर की बैठक कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने छात्रवृत्ति की समीक्षा के दौरान संस्थानों द्वारा पूर्वदशम् छात्रवृत्ति के डाटा को अग्रसारित करने के अनुश्रवण कार्य में लापरवाही पाए जाने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होने कहा कि संस्थानों से समन्वय कर दशमोत्तर छात्रवृत्ति के डाटा को समयबद्ध अग्रसारित कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने पेंशन की समीक्षा के दौरान कहा कि सर्वे कराकर छूटे हुए सभी पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहने पाए। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों को निस्तारित करने तथा वृद्धाश्रम में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में कराए जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय करारी एवं भरसवां के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में बच्चां की उपस्थिति और बढ़ाने तथा नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी से कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष ओ-लेवल एवं ट्रिपल सी में बच्चों को प्रशिक्षण दिलवाया जाय। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों को निस्तारित कराकर पात्रों को लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी अपर जिलाधिकारी न्यायिक ओम प्रकाश सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# कृषि विभाग एवं कृषि एलाइड विभागों की योजनाओं कार्यक्रमों के प्रगति की डीएम ने किया समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने उदयन सभागार में कृषि विभाग एवं कृषि एलाइड विभागों की योजनाओं/कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने एफ.पी.ओ. की समीक्षा के दौरान उप कृषि निदेशक से कहा कि कायर्योजना बनाकर एफ.पी.ओ. को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित किया जाय। उन्होंने ए-आर-कोआपरेटिव को जनपद में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कालाबाजारी की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। उन्होंने परम्परागत कृषि विकास योजना, एग्री जंक्शन, पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान उप कृषि निदेशक को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पं0दी.द.उ. किसान समृद्धि योजना एवं पी.एम.के.एस.वाई. की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी को कराए गए कार्यों का जनपद स्तरीय अधिकारियों से जॉच कराकर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारी को विभागीय योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पी.एम.एफ.एम.ई. योजना एवं एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अन्तर्गत आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एवं मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान मत्स्य अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने यू.पी. डास्प के कार्यों की समीक्षा के दौरान उप कृषि निदेशक से कहा कि कराये गए कार्यों का अध्ययन कर आख्या उपलब्ध कराई जाय। उन्हांने जिला खाद्य विपणन अधिकारी से धान खरीद की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत धान खरीद सुनिश्चित किया जाय। धान क्रय केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाए रखी जाय। बिचौलियों पर विशेष निगरानी रखते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाय। धान के उठान में प्रगति लाई जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि वर्षा होने पर धान भीगने न पाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हत्या अभियुक्त का दबाव एक मुकदमे में समझौता कराओ तो दूसरी बालिका होगी बरामद

**15 दिन बीते नाबालिग बालिका का नहीं लगा सुराग**

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव के मजरा से 22 दिसंबर 2025 को दो नाबालिग बालिकाएं गायब हो गई थी एक बालिका बरामद हो गई है लेकिन दूसरी बालिका नहीं बरामद हुई है एक बालिका के बरामद होने के बाद हत्याभियुक्त दूसरी बालिका के पिता से कह रहा है कि पहली बालिका के गायब होने में समझौता करवा दो मुकदमा न दर्ज होने पाए तो दूसरी बालिका भी मिल जाएगी गांव का रहने वाला युवक नाबालिग बालिका को भगा ले गया धीरे-धीरे घटना को 15 दिन बीत गए लेकिन नाबालिग बालिका की कही भी जानकारी नहीं मिल रही एक दूसरी लड़की भी गांव से उसी दिन बड़गांव के लड़के के साथ फरार हुई थी दूसरी बालिका और बड़गांव का दूसरा लड़का बरामद हो गए है दोनों बालिकाओं और दोनों युवकों के गायब होने के बाद बड़गांव के लड़के के आधारकार्ड से 4 सिम निकाल लिया गया था उसी का प्रयोग सभी चारों लोग कर रहे थे पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए गायब नाबालिक बालिका के परिवार के लोगों ने बताया कि बड़गांव का धमर्राज का कहना है कि दूसरी बालिका बरामद हुई है मुकदमे में समझौता करवा दो तो तुम्हारी लड़की मिल जाएगी धमर्राज हत्या अभियुक्त भी है बरामद बालिका और उसके साथ बड़गांव के लड़के के बरामद होने के बाद दोनों ने लड़कियों के भगाने की कहानी थाना पुलिस को बताई धमर्राज बड़गांव थाना कौशांबी से पूछताछ किया जाए तो नाबालिग बालिका बरामद हो सकती है।

## मारपीट करने वाला अभियुक्त को 05 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में दिनांक 21.01.2011 को अभियुक्त राजकुमार द्वारा गलत काम के इरादे से महिला के घर में घुसकर महिला के साथ गाली-गलौज करते हुये मारपीट की गयी थाना पर मु0अ0सं0 15/2011 धारा 457/504/323/506 भादवि पंजीकृत हुआ जिसमें विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ जिससे सम्बन्धित अभियुक्त राज कुमार पुत्र दरबारी लाल निवासी जुबरा थाना मंझनपुर को 06.01.2026 को न्यायालय एडीजे/एफटीसी प्रथम जनपद कौशाम्बी द्वारा अभियुक्त को 05 वर्ष सश्रम कारावास व 3500 रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## इलाहाबाद झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की एकीकृत निर्वाचक नामावली अन्तिम रूप से तैयार

**कौशांबी।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, इलाहाबाद-झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र आयुक्त एवं झाँसी मण्डल, झाँसी बिमल कुमार दुबे ने सवर्साधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार इलाहाबाद झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की एकीकृत निर्वाचक नामावली अद्यावधिक रूप से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम-1960 के अनुसार अन्तिम रूप से तैयार कर ली गई है। इलाहाबाद झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की एकीकृत निर्वाचक नामावलियां आज दिनांक 06.01.2026 से जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय एवं पदाभिहित स्थलों में यथाविधि अन्तिम रूप से प्रकाशित कर दी गई हैं। इन स्थानों पर एकीकृत निर्वाचक नामावलियां जनसाधारण को निरीक्षण के लिये उपलब्ध रहेंगी।

# बालकों को गुलामी और अमानवीय परिस्थितियों से बचाता है शोषण के विरुद्ध अधिकार : अमित मिश्रा




**कौशांबी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय कौशाम्बी के तत्वावधान में 6 जनवरी 2026 को महंगांव इंटर कॉलेज महंगांव चायल में शोषण के विरुद्ध अधिकार, पॉश एक्ट व बाल अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में बाल अधिकारों पर बात करते हुए डॉ. नरेन्द्र दिवाकर ने कहा कि आज बच्चों का जीवन पहले से कहीं अधिक हिंसा, संघर्ष और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से प्रभावित हो रहा है।बालक मानव समाज के सबसे छोटे सदस्य हैं और किसी भी देश के भविष्य हैं। बाल अधिकार प्रत्येक बच्चे (बालक एवं बालिका दोनों) को, चाहे उनकी आयु, जाति, धर्म, लिंग, आर्थिक स्थिति या जन्मस्थान कुछ भी हो, अधिकार प्राप्त हैं।बाल अधिकार किसी भी बालक के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बाल अधिकार को मुख्यतया 4 अधिकारों यथा जीने का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, विकास का अधिकार और सहभागिता का अधिकार, में बांटकर देखा जा सकता है। अधिवक्ता संदीप द्विवेदी ने कहा कि शोषण के विरुद्ध अधिकार से जुड़े प्रावधान भारतीय संविधान सहित कई कानूनों में दिए गए हैं। जिनमें बालकों के लिए मित्रतापूर्ण वातावरण बनाए रखने की व्यवस्था है। बच्चों के अधिकारों के हनन को रोकने के लिए भारतीय संविधान के अनु. 23 और 24 शोषण के विरूद्ध अधिकारों का प्रावधान है। बाल मजदूरी अधिनियम 1986, पॉक्सो एक्ट 2012, कारखाना अधिनियम 1948 आदि सभी बालकों के अधिकारों के संरक्षण की बात करते हैं। तहसील विधिक सहायता क्लीनिक के अध्यक्ष व तहसीलदार चायल ने कहा कि बालक बहुत संवेदनशील होते हैं। इसलिए हमें उनसे मित्रतापूर्ण व्यवहार करना चाहिए तहसील स्तर की किसी भी समस्या के लिए तहसील विधिक सहायता क्लीनिक में कार्यरत अधिकार मित्र और हमसे संपर्क कर सकते हैं। चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमित कुमार मिश्र ने कहा कि महिलाओं और बालकों के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण के लिए ही सरकारें कानून बनाती हैं। भारतीय संविधान सहित तमाम कानूनों में उल्लिखितशोषण के विरुद्ध अधिकार किसी भी व्यक्ति (विशेष तौर से कमजोर वर्ग के लोगों को और बालकों को भी) गुलामी और अमानवीय परिस्थितियों से बचाते हैं। पॉश एक्ट आर्थत कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 में महिलाओं को उत्पीड़न और कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल बनाने हेतु आंतरिक और परिवाद समितियों के गठन का प्रावधान किया गया है। इस कानून के तहत यदि आरोपी के खिलाफ शिकायत प्रक्रियाधीन है तो पीड़ित को अवकाश लेने का अधिकार है जो अवकाश अन्य सभी अवकाशों के अतिरिक्त होगी।पॉश एक्ट भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14,15 और 19 के अनुरूप महिलाओं को कार्य स्थल पर संसद की विधायी अभिव्यक्ति है जिसने महिला कार्यकर्ताओं को सुरक्षित माहौल में काम करने के लिए वातावरण प्रदान किया। कार्यक्रम में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हेतु शपथ भी दिलाई गई शिविर में अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य मो. नसीम खां ने किया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## जिलाधिकारी ने ग्राम केसारी का किया निरीक्षण, बीडीओ को सभी पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के दिए निर्देश



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने मंगलवार को विकास खण्ड कड़ा की ग्राम-केसारी का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि केसारी ग्राम में प्रधानमंत्री आवास प्लस सर्वे के अन्तर्गत डोर-टू-डोर सर्वे कर गरीब व आवासहीन 103 पात्र परिवारों का नाम आवास प्लस सूची में जोड़ा गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी पात्र परिवार छूटने न पाए तथा उप जिलाधिकारी से समन्वय कर आवास बनाए जाने के लिए आवश्यकतानुसार भूमि चिन्हित किया जाय।जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी से कहा कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूह में जोड़ा जाय तथा ग्राम के पात्र लोगों को राशन कार्ड सहित अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाय। सफाई कमी से नियमित रूप से ग्राम की साफ-सफाई कराई जाय। ग्राम में मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही किया जाय। उन्होंने कार्य में लापरवाही/ग्राम से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी न होने पर सचिव, ग्राम पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

## पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा की गई जनसुनवाई




**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा दिनांक 06.01.2026 को पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई।इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्राथर्ना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मंगलवार परेड की ली गई सलामी



**कौशांबी।** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा दिनांक 06.01.2026 मंगलवार को पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर टोलीवार परेड का निरीक्षण कर परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों के टर्नआउट का अवलोकन किया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षु आरक्षियों को दौड़, पीटी अभ्यास एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई।परेड उपरांत एएसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित मेस आरटीसी बैरकों प्रशिक्षण कक्ष, विभिन्न शाखाओं,डीसीआर शस्त्रागार, डायल-112 कार्यालय, परिवहन शाखा, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय,पुलिस बैरकों आदि का निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु एसपी ने किया ऑनलाइन संवाद

**कौशाम्बी।** जिले में फरियादियों की समस्याओं के त्वरित, प्रभावी एवं पारदशी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा एक अभिनव एवं सराहनीय पहल की जा रही है।इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से संवाद स्थापित किया जा रहा है।इस ऑनलाइन संवाद के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है तथा प्रत्येक प्रकरण का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण नियमानुसार हो तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## अपहरण करने वाले का नहीं लगा सुराग, बालिका हो गई बरामद

**कौशांबी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र से 01 जनवरी 2026 को नाबालिग बालिका का अपहरण हुआ था मुकदमा दर्ज हुआ मु0अ0सं0 02/2026 धारा 137(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत हुआ बालिका को पुलिस ने बरामद कर लिया है लेकिन बालिका का अपहरण किसने किया था इस बात का खुलासा पुलिस ने नहीं किया है बालिका के अपहरण किए जाने की घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे टीम गठित कर बालिका की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया तलाश व बरामदगी के क्रम में थाना पर गठित टीम द्वारा बालिका को बरामदगी की गयी विधिक कार्यवाही की जा रही है बालिका का अपहरण किसने किया था उसका खुलासा थाना पुलिस नहीं कर सकी है बालिका के अपहरण किए जाने के पुलिस के इस खुलासे में झोल ही झोल है।

## चोरी के वांछित अभियुक्त को महेवाघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**महेवा घाट कौशांबी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र में 28 जुलाई 2023 को मंगाली पुत्र प्रसाद निवासी ग्राम रानीपुर थाना महेवाघाट तथा दिनांक 01.08.2023 को सन्तबक्श पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम हटवा अब्बासपुर थाना महेवाघाट के घरों मे ताला तोड कर चोरो द्वारा जेवरात व सामान चोरी कर लिये है इस सूचना पर थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0स0 144/23 धारा 457/380 भादवि व मु0अ0स0 145/23 धारा 457/380 भादवि पंजीकृत हुआ पूर्व में दिनांक 26.11.2023 को चोरी के जेवरात व सामान बरामद करते हुये दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश मे आया अभियुक्त सुरेन्द्र रैदास पुत्र हनुमान प्रसाद घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था जिसकी तलाश की जा रही थी महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा दिनांक 06.01.2026 को उपरोक्त मुकदमों से सम्बन्धित प्रकाश मे आये वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र रैदास पुत्र हनुमान प्रसाद नि0 ग्राम रायपुर थाना महेवाघाट को धाता मोड से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## वारण्टी अभियुक्त को सैनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कड़ा कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा एनसीआर नं0 125/05 धारा 323/504 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त नईम पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी जहांगीराबाद थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## वारण्टी अभियुक्त को महेवाघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**महेवा घाट कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 66/04 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम थाना पश्चिम शरीरा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त लवलेश पुत्र श्याम निवासी घोघपुरवा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## सम्पादकीय

### विकास को मुंह चिढ़ाती दूषित जल से होने वाली मौतें

**केंद्र** सरकार की तरफ से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत अब 4.18 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इतनी बड़ी उपलब्धि के बावजूद देश में दूषित पेयजल जैसी बुनियादी समस्याएं विकास को मुंह चिढ़ा रही हैं। देश में स्वच्छता में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में दूषित पानी से पीने से आठ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में करीब सौ लोग बीमार हो गए। यह तस्वीर बताती है कि देश में पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान अभी कोसो दूर है। सरकारें आंकड़ों के जरिए बेशक कितनी ही उपलब्धि का दावा कर लें किन्तु जमीनी हकीकत कुछ अलग है। जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में 120 वें स्थान पर है और देश के लगभग 70 प्रतिशत जल स्त्रोत प्रदूषित हैं।

इंदौर में जो हुआ उसने ये शक पैदा कर दिया है कि देश में कहीं भी ऐसी ह्यजहरीली मौतह्ण की सप्लाई हो सकती है। ऐसा तब होता है जब सारे नियम और मानक भुला दिए जाते हैं। भारत में सप्लाई वॉटर की गुणवत्ता और पाइपलाइनों के रखरखाव को लेकर मानक तय हैं। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स सप्लाई वाले पानी के केमिकल, फिजिकल और बायोलॉजिकल पैरामीटर्स तय करता है। गाइडलाइंस कहती हैं कि उपभोक्ता के नल तक पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करना एजेंसी की जिम्मेदारी है। फिर वो सरकारी हो या प्राइवेट। गाइडलाइंस के मुताबिक पाइपलाइनों को 30 से 50 वर्ष के अंदर बदला जाना जरूरी है। अगर बार-बार लीकेज की शिकायत आती है तो बिना देरी किए पाइप बदला जाना चाहिए। इन गाइडलाइंस का कितना पालन होता है इंदौर की घटना के बाद इस पर सवाल उठ रहे हैं। जिस पर सफाई भी दी जा रही है।

जुलाई 2022 में गंदे पानी से जुड़े आंकड़े लैंसेट स्टडी में बताया गया कि भारत में करीब 1.95 लाख बस्तियों में लोग दूषित पानी पी रहे हैं। जिसकी वजह से साल 2019 में 23 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। शहर ही नहीं गांवों में भी साफ पानी की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। गंदे पानी में बैक्टीरिया, वायरस, टॉक्सिन्स और हेवी मेटल्स जैसे खतरनाक तत्व मौजूद होते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। अशुद्ध पानी पीने से हैजा, पीलिया, पेचिश, गले की बीमारी, टायफाइड जैसी बीमारियां हो सकती हैं। भारत में हर दिन बड़ी संख्या में लोगों को दूषित पानी पीना पड़ता है।

कम्पोजिट वॉटर मैनेजमेंट इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार भारत में दूषित यानी गंदा पानी पीने से हर साल दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 2030 तक करीब 600 मिलियन लोगों को पानी की कमी से जूझना पड़ सकता है, जो देश की कुल आबादी का 40% है। दूषित पानी की समस्या से सबसे ज्यादा दिल्ली और एनसीआर प्रभावित है। यहां की आबादी बढ़ने के साथ साफ पानी की मांग बढ़ गई है, लेकिन गंदे पानी की आपूर्ति कई लोगों की सेहत को खराब कर रही है। भारत में विश्व की कुल आबादी का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है।

# अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला दुनिया भर के लिए चेतावनी

**शकील अख्तर**

**मूल** मुद्दा दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडारों पर कब्जा करने का है। अमेरिका ने इराक में क्या किया था। कितने झूठे आरोप लगाए थे राष्ट्रपति सद्दाम पर। जैसे यहां ड्रग के, तानाशाह होने के और पता नहीं क्या-क्या आरोप लगाए जा रहे हैं वैसे ही वहां रासायनिक हथियार के आरोप लगाए थे। आज तक साबित नहीं कर पाया अमेरिका।

यह गुंडों जैसी हरकत है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के साथ उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को भी बेडरुम से घसीट कर बाहर निकालना और उठा कर ले जाना। मतलब अब अमेरिका को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि दुनिया में कोई क्या सोचेगा? और महिला अधिकार सम्मान की तो बात ही नहीं। दूसरे देश में घुसने और वहां के राष्ट्रप्रमुख और उसकी पत्नी को उठा ले जाना क्या कोई सामान्य घटना है? किसी अन्य देश को या किसी को भी क्या अधिकार है? यह अपहरण करना है या अतंरराष्ट्रीय आतंकवाद?

2026 में जोर पकड़ेगा गिग कामगारों का आन्दोलन

राष्ट्रपति मादुरो पर वह कई आरोप लगा रहा है। झूठे मनगढ़ंत। लेकिन उनकी पत्नी पर क्या आरोप हैं? कोई भी कानून अगर पति दोषी हो तो भी पत्नी के साथ इस तरह के सलूक की इजाजत नहीं देता। लेकिन अगर आप भारतीय मीडिया देखें तो उसमें यह सवाल सिरे से गायब है। ज्यादातर खबरें अमेरिका के एंगल से लिखी गई हैं। और राष्ट्रपति एवं उनकी पत्नी के अपहरण को जस्टिफाई किया गया है। कारण बता दिए जाते हैं कि इसलिए अमेरिका ने यह किया। भारत में भी जहां अपराध को उन्हें दबाना होता है वहां यह सवाल उठा देते हैं कि उसने यह अपराध क्यों किया।

यहां एक और पहलू अंतरराष्ट्रीय रूप से रिश्वत देने का भी आ रहा है। राष्ट्रपति का आवास सुरक्षा घेरे में था। होता ही है। और यहां तो अमेरिका कई महीनों से धमकी दे रहा था। सुरक्षा और कड़ी की गई होगी। मगर राष्ट्रपति और पत्नी को इस तरह ले गए जैसे फिल्मों में गुंडे बाजार से कोई सामान उठा कर ले जाते हैं। फिल्मों में कोई नहीं बोलता तो यहां भी कोई नहीं बोला। फिल्मों में तो डर दिखाया जाता है। यहां कहा जा रहा है कि अमेरिका ने पहले ही वहां की सेना और सुरक्षा व्यवस्था को मोटी रिश्वतें पहुंचा दी थीं। सब खामोश रहे।

एआई सिटी और भविष्य का उत्तर प्रदेश

जो लोग सोवियत संघ के खत्म हो जाने से खुश होते हैं वे देख लें कि एक ध्रुवीय व्यवस्था के कितने खतरे होते हैं। हम भी इसे भुगत रहे हैं। हमारे देश में भी सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा बहुत अमेरिका परस्त रही है। सोवियत संघ की विरोधी। मगर अभी जब पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ और हमारी सेना ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की तो अमेरिका ने अचानक सीजफायर करवा दिया। और राष्ट्रपति ट्रंप ने साठ-सत्तर बार बोला कि मैंने युद्ध रुकवा दिया। वह यहीं तक नहीं रुके उन्होंने पाकिस्तान की प्रशंसा भी शुरू कर दी। वहां के आर्मी चीफ मुनीर जो पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार थे उन्हें स्पेशल लंच पर बुलाया।

ईश्वर, गैया हाइपोथिसिस और अरावली की लूट

इस एक ध्रुवीय व्यवस्था का भारत पहले हमेशा विरोध करता रहा। लेकिन 2014 में मोदी के आने के बाद वे माई डियर फ्रेंड ट्रंप में ऐसे लगे रहे कि ट्रंप द्वारा किए गए भारत के खिलाफ किसी काम पर एक



शब्द भी नहीं बोले। सोवियत संघ जरूर टूट गया मगर रूस फिर भी हमारा दोस्त बना रहा।

वेनेजुएला में सारा मामला तेल का है। अमेरिका मीडिया के जरिए झूठी कहानियां फैला रहा है जैसे इराक के लिए भी फैलाईं थी उसने। मगर सारा खेल वहां के तेल पर कब्जे का है। दुनिया का सबसे ज्यादा तेल वेनेजुएला के पास है और पहले अमेरिका ही वहां तेल निकालने का काम करता था। मगर जब से वहां तेल का राष्ट्रीयकरण हुआ और अमेरिकी कंपनियों को बाहर निकलना पड़ा अमेरिका तब से मौके की तलाश में था। और अब जब वह वहां के राष्ट्रपति तक को उठा लाया तो सारी शर्म छोड़कर साफ कह रहा है कि अब वेनेजुएला का शासन वह चलाएगा। अमेरिकी तेल कंपनियां वहां जाएंगी।

24 घंटे में ही सारी कलई खुल गई। ड्रग व्रग की बातें खतम हो गईं। असलियत पर आ गए। वेनेजुएला में वामपंथी राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज ने तेल का राष्ट्रीयकरण कर-के इस दक्षिण अमेरिकी देश में गरीबी उन्मूलन की शुरूआत की थी। तेल का पैसा जो अमेरिका ले जाता था। और वहां के चंद लोग उसकी दलाली में पैसे वाले बन जाते थे शावेज ने वह चक्र तोड़कर तेल का फायदा आम जनता को पहुंचाना शुरू किया। और उसी के बाद से पूरा पश्चिमी प्रचार तंत्र वेनेजुएला की गलत तस्वीर पेश करने लगा। चंद पैसे वाले बने लोगों की कहनियां सुना-सुनाकर यह बताने लगा कि अमेरिका जब वेनेजुएला में था तो वहां बड़ी- बड़ी गाड़ियां थीं। लेकिन अब वह नहीं दिखतीं।

इसी तरह अब अमेरिका की खुलेआम वेनेजुएला पर हमला करने और वहां नई राष्ट्रपति ( कार्यवाहक) नियुक्त होने के बाद कहा जा रहा है कि मादुरो तानाशाह थे। हमारे यहां का मीडिया भी इस पर जोर दे रहा है और तमाम सोशल मीडिया के लोग भी। यह एक बहुत खतरनाक बात है। अगर कोई तानाशाह भी था तो अमेरिका को यह अधिकार कैसे मिल जाता है कि वह किसी सम्प्रभु देश में घुसकर वहां के राष्ट्रपति और उसकी पत्नी को उठाकर ले जाए? आश्चर्यजनक और दुखद है कि हमारे यहां लोग इस बात पर जोर दे रहे हैं कि राष्ट्रपति ऐसा था वैसा था। यह कहना अमेरिका की गुंडागर्दी को सही ठहराना, मान्यता देना जैसा हो रहा है।

मूल मुद्दा दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडारों पर कब्जा करने का है। अमेरिका ने इराक में क्या किया था। कितने झूठे आरोप लगाए थे राष्ट्रपति सद्दाम पर। जैसे यहां ड्रग के, तानाशाह होने के और पता नहीं क्या-क्या आरोप लगाए जा रहे हैं वैसे ही वहां रासायनिक हथियार के आरोप लगाए थे। आज तक साबित नहीं कर पाया अमेरिका। और साबित करना क्या कोई अब तो बात भी नहीं करता कि वह आरोप कितने गलत और झूठे थे।

अब एक और बात लास्ट भारत की। कभी भारत इन परिस्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। कहने को विश्वगुरू हम आज हैं। मगर वास्तव में वह नेहरू के समय थे। जब दुनिया दो ध्रुवीय थी। अमेरिका और रूस के बीच शीत युद्ध की स्थिति थी। तब गुटनिरपेक्ष देशों की एक तीसरी ताकत बनकर नेहरु ने विश्व में शांति बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभाई थी।

कोरियाई देशों के बीच 1950 में शुरू हुआ युद्ध विश्व युद्ध के मुहाने तक पहुंच गया था। सोवियत संघ और चीन उत्तर कोरिया के साथ थे और अमेरिका दक्षिण कोरिया के साथ। उस समय नेहरू ने भारत के नवनिर्माण के साथ अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। संयुक्त राष्ट्र में भारत के शांति प्रस्ताव को मान्यता मिली। विश्व युद्ध टला। भारत को एनएनआरसी ( तटस्थ राष्ट्र प्रत्यावर्तन समिति) का अध्यक्ष चुना गया। शांति स्थापित हुई।

यह एक नहीं कई उदाहरण हैं। यह तो नेहरू के शुरूआती काल का है जब वे अन्तरराष्ट्रीय जगत में भारत के महत्व को स्थापित कर रहे थे। यहां ध्यान दें। नेहरू खुद को नहीं भारत के महत्व को स्थापित कर रहे थे। आज तो खुद को विश्व गुरु कहते हैं।

# 2026 में जोर पकड़ेगा गिग कामगारों का आन्दोलन

**डॉ. ज्ञान पाठक**

**ई-श्रम** पोर्टल पर उनका रजिस्ट्रेशन करना, आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य लाभ देना, नयी श्रम संहिताओं में उनके स्टेटस और अधिकारों को परिभाषित करने वाले प्रावधान शामिल करना, और संभावित रूप से उनके कल्याण के लिए प्लेटफॉर्म से योगदान अनिवार्य करना, जिसका मकसद जीवन और शारीरिक सुरक्षा और बेहतर काम करने की स्थिति देना है।

भारत के गिग कामगारों ने 2025 का साल 31 दिसंबर, 2025 को आखिरी दिन अखिल भारतीय हड़ताल के साथ खत्म किया, जिसमें उन्होंने उचित वेतन और काम करने की बेहतर स्थितियों की मांग की, जो पिछले तीन महीनों में काफी खराब हो गई हैं। यह सब केंद्र सरकार के बार-बार इस दावे के बावजूद हुआ कि वे देश में गिग वर्कर्स के कल्याण के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं, जिसमें 21 नवंबर, 2025 को अधिसूचित नए श्रम कानूनों के तहत उन्हें शामिल करना भी शामिल है। अगर चीजें इसी दिशा में चलती रहीं, तो 2026 में गिग वर्कर्स के बड़े और मजबूत विरोध प्रदर्शन और हड़ताल देखने को मिलेंगे।

गिग वर्कर्स की देशव्यापी नए साल की पूर्व संध्या की हड़ताल का विशेष महत्व है, भले ही डिलीवरी वर्कर्स से इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, मुख्य रूप से कम वेतन और सुरक्षा लाभों की कमी के खिलाफ उनके विरोध की प्रकृति के कारण। नए श्रम कानूनों की अधिसूचना के तुरंत बाद, जिसके बारे में केंद्र सरकार का कहना है कि इसने गिग वर्क र्स के कल्याण का ध्यान रखा है, यह हड़ताल कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात थी, लेकिन इसे सामाजिक रूप से जागरूक उपभोक्ता-नागरिकों से भारी समर्थन भी मिला।

दूसरी ओर, इंडिया इंक ने नए श्रम कानूनों के साथ कई चिंताएं जताई हैं, जिसमें गिग वर्कर्स के लिए अलग प्रावधान शामिल हैं जो उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार नियमों को भ्रमित करने वाले बनाते हैं, जबकि श्रमिक संघों और श्रम कानून विशेषज्ञों ने कहा है कि कानूनों के प्रावधानों के बावजूद, गिग वर्कर्स 'गैर-कर्मचारी' की स्थिति तक ही सीमित हैं, इस प्रकार उन्हें नौकरी की सुरक्षा, स्थिर और उचित वेतन से वंचित किया जा रहा है, और उनकी काम करने की स्थितियां, विशेष रूप से 10 मिनट की डिलीवरी की मजबूरी, उनके जीवन को लगातार खतरे में डालती हैं।

पूरे भारत में लगभग 3 लाख गिग वर्कर्स हड़ताल पर थे और सुबह 7 बजे से आधी रात 12 बजे तक ऐप से लॉग आउट थे, जिससे डिलीवरी सेवा प्रभावित हुई, जिससे उनके नए साल की पूर्व संध्या का जश्न थोड़ा असुविधाजनक हो गया। इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स (आईएफएटी) ने हड़ताल का आह्वान किया था। उनकी मुख्य मांगों में प्रति किमी वेतन को बढ़ाकर 10 रुपये प्रति किमी करना, 10 मिनट की डिलीवरी का विकल्प खत्म करना और रद्द किए गए ऑर्डर के लिए भी भुगतान करना शामिल था। आईएफएटी के अनुसार, पूरे भारत में लगभग 3 लाख गिग वर्कर्स ने हड़ताल में हिस्सा लिया, जिसमें अकेले कर्नाटक में लगभग 60,000 डिलीवरी एजेंट थे, जिनमें से ज्यादातर बेंगलुरु, मैसूरु और मंगलुरु से थे। तेलंगाना में लगभग पूरी भागीदारी थी। हालांकि, तमिलनाडु में यह आंशिक भागीदारी थी। देश भर की किचन में हजारों फूड पैकेट बिना डिलीवर किए रह गए। दिल्ली में, 1.5 लाख गिग वर्कर्स में से सिर्फ 10 प्रतिशत ने काम किया, और उनमें से ज्यादातर जोमैटो के डिलीवरी एजेंट थे। देर शाम तक, आईएफएटी के राज्य उपाध्यक्ष ओम प्रकाश राघव ने दावा किया कि कंपनियां 3 किलोमीटर की दूरी के लिए प्रति डिलीवरी 150 रुपये देने की घोषणा कर रही थीं, लेकिन आखिरी समय में इस सांत्वना पुरस्कार को लेने वाले बहुत कम लोग थे।

हड़ताल का मुख्य कारण मजदूरी में कटौती था। सिर्फ तीन महीने पहले, आईएफएटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद इनायत अली ने कहा कि डिलीवरी वर्कर्स को 10 रुपये प्रति किलोमीटर का भुगतान किया जा रहा था। हालांकि, जोमैटो ने इसे घटाकर सिर्फ 6 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया, और फिर सभी कंपनियों ने बाद में ऐसी ही किया।

उन्होंने कहा कि जब ऑर्डर आखिरी समय में रद्द हो जाता है, तो डिलीवरी एजेंट को कुछ नहीं मिलता। हमारी मांग है कि डिलीवरी वर्कर्स के समय और ट्रांसपोर्टेशन लागत के नुकसान को रोकने के लिए उन्हें प्रति किलोमीटर वही दर दी जानी चाहिए। इसके अलावा, 10-मिनट डिलीवरी के ऑप्शन को स्थायी रूप से हटा दिया जाना चाहिए, क्योंकि डिलीवरी एजेंटों को गन्तव्य तक पहुंचने के लिए जल्दबाजी करनी पड़ती है, जिससे उनकी जान की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। जैप्टो, ब्लिंकिट और इंस्टामार्ट का यह ऑप्शन डिलीवरी वर्कर्स की जान के लिए खतरनाक है, और उनमें से कई दुर्घटनाओं का शिकार हुए हैं।

गिग वर्कर्स प्राकृतिक न्याय की भी मांग कर रहे थे। वर्तमान में, ग्राहकों की शिकायतों पर गिग एजेंटों या वर्कर्स की आईडी ब्लॉक कर दी जाती हैं, बिना उन्हें अपना पक्ष रखने का समय दिए। आईएफएटी का कहना है कि उन्हें वेतन कटौती, असुरक्षित काम की स्थिति, असंभव समय सीमा के भीतर डिलीवरी करने के लिए अमानवीय दबाव, और डिलीवरी ऐप कंपनियों की मनमानी नीतियों जैसी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के कारण हड़ताल पर जाना पड़ा।

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि गिग वर्कर्स अपने वाहनों, ईंधन और फोन में निवेश करते हैं हैं और उनमें से कई गिग वर्कर के रूप में बने रहने के लिए कर्ज लेते हैं। त्योहार के दिन डिलीवरी ऐप वर्कर्स का हड़ताल पर जाना उनके लिए भारी आय का नुकसान था, लेकिन उन्होंने अपनी बात मनवाने के लिए पूरे



भारत में समन्वित कार्रवाई की। गिग वर्कर्स ने यह दिखाया कि वे अब आईडी ब्लॉक करने जैसे दंडात्मक कार्रवाई का सामना करने के लिए भी तैयार हैं, यह दिखाते हुए कि वे अपनी गरिमा, अधिकारों, मजदूरी और अपनी जान की सुरक्षा के लिए एक बड़ी लंबी लड़ाई के लिए तैयार हैं।

भारत में गिग वर्क र्स की काम करने की स्थिति बहुत खराब रही है, जबकि केंद्र सरकार उन्हें थोड़ी राहत देने में भी बहुत धीमी रही है। उन्हें जो कुछ भी दिया गया है, वह बहुत कम है, इसके बावजूद कि सरकार गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा और कल्याण पर काम करने का दावा करती है।

ई-श्रम पोर्टल पर उनका रजिस्ट्रेशन करना, आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य लाभ देना, नयी श्रम संहिताओं में उनके स्टेटस और अधिकारों को परिभाषित करने वाले प्रावधान शामिल करना, और संभावित रूप से उनके कल्याण के लिए प्लेटफॉर्म से योगदान अनिवार्य करना, जिसका मकसद जीवन और शारीरिक सुरक्षा और बेहतर काम करने की स्थिति देना है। हालांकि, गिग वर्कर्स की अखिल भारतीय हड़ताल ने यह दिखा दिया है कि असल में सरकारी प्रचार कितना खोखला है।

यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया द्वारा समर्थित पीपल्स एसोसिएशन इन ग्रासरूट्स एक्शन एंड मूवमेंट की 'प्रिजनर्स ऑन व्हील्स' नाम की एक रिपोर्ट के अनुसार, सर्वे किए गए 80 प्रतिशत से ज्यादा मजदूर दिन में 10 घंटे से ज्यादा काम करते हैं, जबकि 30 प्रतिशत से ज्यादा 14 घंटे से अधिक समय तक काम करते हैं। ज्यादातर ड्राइवर महीने में 15,000 रुपये से कम कमाते हैं, जबकि डिलीवरी वर्कर 10,000 रुपये से कम कमाते हैं। उनमें से लगभग आधे लोग एक हफ्ते में एक भी दिन की छुट्टी नहीं ले पाते। 99 प्रतिशत से ज्यादा लोगों ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत की, और उनमें से लगभग आधे लोगों ने काम पर हिंसा की शिकायत की। उनमें से ज्यादातर लोगों ने अपनी आईडी मनमाने ढंग से डीएक्टिवेट किए जाने की शिकायत की।

केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि नोटिफाइड नए लेबर कोड 1 अप्रैल, 2026 से पूरी तरह से लागू किए जाएंगे, लेकिन भारत के गिग वर्कर्स के लिए ज्यादा उम्मीद नहीं है। उन्हें सिर्फ. सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 में शामिल किया गया है, लेकिन वे नॉन-एम्प्लॉई ही रहेंगे। इसके अलावा, मजदूरों के लिए वेतन, काम के घंटे, डेटा ट्रांसपेरेंसी, शिकायत निवारण या प्लेटफॉर्म की एल्गोरिथमिक जवाबदेही पर अभी तक कोई लागू करने योग्य मानदंड नहीं हैं।

2025 के आखिरी दिन बड़े पैमाने पर हुई अखिल भारतीय हड़ताल के साथ, गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स ने 2026 की शुरूआत जोरदार तरीके से की है, जिससे उनकी अक्सर नजरअंदाज की जाने वाली शिकायतों को सामने लाया गया है, और डिलीवरी ऐप कंपनियों के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकारों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। संकेत हैं कि गिग वर्कर्स सहित मजदूरों के पास 2026 में और जोरदार आन्दोलन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

## जननी सुरक्षा योजना पर भारी इंतजार: भुगतान न मिलने से माताओं की पीड़ा, प्रशासन मौन

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के कई इलाकों में सरकार द्वारा सुरक्षित मातृत्व और प्रसूति के बाद आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से चलाई जा रही जननी सुरक्षा योजना आज अपने उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है।

स्थानीय नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की कई माताएं ऐसी हैं, जिन्हें इस योजना की निर्धारित धनराशि महीनों बाद भी प्राप्त नहीं हो सकी है। इस देरी ने न केवल माताओं की उम्मीदों को तोड़ा है, बल्कि उनके सामने रोजमर्रा की ज़िंदगी का संकट भी खड़ा कर दिया है।

कड़ाके की महंगाई और सीमित संसाधनों के बीच ये माताएं अपने नवजात शिशु की देखभाल, दवाइयों और पोषण की व्यवस्था के लिए संघर्ष कर रही हैं। योजना की राशि पाने की आस में वे बार-बार स्थानीय राजकीय महिला चिकित्सालय, तहसील कार्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिवारीपुर के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन हर जगह से उन्हें एक ही जवाब मिल रहा है–

अभी प्रशासन द्वारा भुगतान नहीं किया गया है।

हर दिन उम्मीद लेकर घर से निकलने वाली ये महिलाएं शाम को मायूस होकर लौट आती हैं। उनके चेहरों पर थकान के साथ-साथ सिस्टम के प्रति बढ़ता अविश्वास साफ झलकता है।

## एआई सिटी और भविष्य का उत्तर प्रदेश

**डॉ ऋतु दुबे तिवारी**

**कहा** जाता है की डाटा भविष्य का ईंधन है यानि आने वाले भविष्य में उस देश का वर्चस्व होगा जिसके पास अपना डाटा भंडारण और अपनी तकनीक होगी। एआई अब सीमित नहीं है स्वास्थ्य ,कला, शिक्षा, सुरक्षा , ट्रांसपोर्ट और प्रशासन में डिजीटल तकनीकी आदि लगभग हर क्षेत्र में इसका आधिपत्य बढ़ता जा रहा है।

एआई का ज्ञान रखने वाले युवा देश के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एआई सिटी लखनऊ एवं नोएडा विकसित करने की योजना पर काम कर रही है इससे राज्य को तकनीकी रूप से मजबूत और सशक्त बनाया जा सकेगा। एआई



प्रज्ञा योजना के अंतर्गत लगभग 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण दिया जाएगा और राज्य में 30000 करोड़ से अधिक का निवेश डाटा सेंटर और एआई आधारित बुनियादी ढांचे के लिए किया जा रहा है।इस योजना के तहत इन युवाओं में न सिर्फ युवा, विद्यार्थी बल्कि महिलाएं किसान,गांव के मुखिया स्वयं सहायता समूह में काम करने वाले लोग, पब्लिक सेक्टर से जुड़े लोग ऑपरेटर्स और आम लोग भी शामिल होंगे। यह कौशल निर्माण करने का कार्य न सिर्फ नवाचारों को बढ़ावा देने वाला होगा बल्कि विकसित उत्तर प्रदेश की तरफ एक महत्वपूर्ण कदम की तरह याद रखा जाएगा।

समय की मांग

यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश को डिजिटल इंडिया और आधुनिक तकनीक का एक प्रमुख केंद्र बनाने के लिए बहुत प्रभावी सिद्ध हो सकती है।यह बात स्पष्ट है कि आने वाला समय प्रभावी रूप से आईटी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा टेक्नोलॉजी पर मजबूत पकड़ रखने वाले देश का होगा।आज एआई और डाटा सेंटर आधुनिक तकनीक की रीढ़ बन चुके हैं और इनके माध्यम से बड़े स्तर पर डेटा को प्रोसेस किया जा रहा है और स्मार्ट फैसले लेने में मदद मिल रही है।

प्रदेश की डाटा सेंटर नीति के तहत 5 हाइपर स्केल डाटा सेंटर पार्कों का उपयोग शुरू किया जा चुका है।

## कड़ाके की ठंड में दिव्यांगों की पुकार, प्रशासन से कंबल की आस

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र में जब शीतलहर हड्डियों तक कंपा रही है और सामान्य जनजीवन भी ठिठुरन से बेहाल है, ऐसे समय में दिव्यांगजनों की पीड़ा और अधिक बढ़ जाती है। इसी मानवीय पीड़ा को स्वर देने के लिए भारतीय दिव्यांग शक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी से मिलकर ठंड से राहत की गुहार लगाई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर. पी. पांडे के मार्गदर्शन में तहसील अध्यक्ष उदय नारायण पाण्डेय के नेतृत्व में मंगलवार, 6 जनवरी 2026 को संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने तीन विकास खंडों के उन दिव्यांगजनों की सूची सौंपी, जिन्हें अब तक कंबल नहीं मिल सका है, और शीघ्र राहत पहुंचाने की मार्मिक अपील की। संगठन ने बताया कि मोहम्मदाबाद विकासखंड के 52, बाराचवर के 60 और भांवरकोल के 24 दिव्यांगजन आज भी कंबल के बिना सर्द रातें काटने को मजबूर हैं। भीषण ठंड में कंबल का अभाव इनके लिए केवल असुविधा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। कई दिव्यांगजन ठंड से बचने के लिए सीमित संसाधनों में संघर्ष कर रहे हैं। प्रार्थना पत्र के माध्यम से संगठन ने प्रशासन का ध्यान इस ओर दिलाया कि दिव्यांगजन पहले ही शारीरिक कठिनाइयों से जूझते हैं।

# प्राथमिकता और जिम्मेदारी के साथ करें जनसमस्याओं का निस्तारण : किरण पाल

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में सभापति किरण पाल कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान संसदीय अध्ययन समिति के सभापति के कलेक्टरेट आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। बैठक में सभापति ने जनप्रतिनिधियों के प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया तथा एक माह के अंदर निस्तारण से सम्बन्धित विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में सभापति ने जनप्रतिनिधियों से प्राप्त संदर्भों की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें तथा पत्र के माध्यम से निस्तारण की सूचना संबंधित जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराए। नगर विकास एवं जल निगम (ग्रामीण) के संबंध में अधिशासी अभियंता ने बताया कि जनपद में तीन परियोजनाएं संचालित हैं, जिनके अंतर्गत सिलौटा में 576 किलोमीटर, चांदी बागर में 2500 किलोमीटर तथा रैपुरा में 725 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई गई है। इस पर सभापति ने निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को जल्द पुनर्निर्मित कराए। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों के फोन कॉल्स का संज्ञान लें। जनपद में संचालित गौशालाओं एवं चारा-पानी की व्यवस्था के सम्बन्ध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में 302 गौशालाएं संचालित हैं तथा चारा एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। इस पर सभापति ने निर्देश दिए कि कोई भी निराश्रित पशु सड़कों पर न घूमें तथा किसानों की फसलों को किसी प्रकार का नुकसान न होने पाए। आयुष (आयुर्वेद) विभाग के संबंध में जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल नौ आयुर्वेद चिकित्सालय संचालित हैं। इस पर सभापति ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए शिविरों का आयोजन कर व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। सिंचाई विभाग, जिला पंचायत राज विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि एक माह के भीतर समिति के समक्ष समस्त विवरण प्रस्तुत करें।

सभापति ने बताया कि संसदीय अध्ययन समिति विधान परिषद की एक महत्वपूर्ण समिति है, जो एक मिनी सदन के रूप में कार्य करती है। यह समिति सदन में उठाए गए प्रश्नों का समय पर समाधान सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कहा कि लोकतंत्र में समस्याओं का समाधान प्राथमिक रूप से जिला स्तर पर ही होना चाहिए, इसके लिए भी समिति कार्य करती है। जिलाधिकारी बांदा जे रीभा ने बताया कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त 2404 संदर्भों के सापेक्ष 2403 का निस्तारण कर दिया गया है तथा शेष एक प्रकरण का निस्तारण शीघ्र कर लिया जाएगा। सभापति ने सिंचाई विभाग बांदा द्वारा किए गए डेटा-आधारित निस्तारण एवं उसकी सूचना जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने की सराहना की। बैठक में अधिशासी अभियंता निर्माण खंड उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के अनुपस्थिति रहने पर सभापति ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान संसदीय अध्ययन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत जनपद में निर्मित स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इस मौके पर सदर विधायक अनिल प्रधान, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी चित्रकूट डी.पी. पाल, मुख्य विकास अधिकारी बांदा अजय कुमार पांडेय, समिति के अनुसचिव विनोद यादव, समीक्षा अधिकारी सौरभ दीक्षित, अपर निजी सचिव अभिनव यादव, रिपोर्टर बृजेश यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला बार एशोसिएसन के चुनाव की मतगणना संपन्न : सुशील मिश्र बने बार अध्यक्ष



**चित्रकूट।** जिला बार एशोसिएसन के चुनाव की मतगणना के बाद मंगलवार को परिणाम घोषित कर दिए गए। जिसमें अध्यक्ष पद पर सुशील कुमार मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रमेन्द्र कुमार त्रिपाठी, महासचिव पद पर विजय पकाश त्रिपाठी व संयुक्त सचिव पद पर प्रिया देवी ने जीत हासिल की।जिला कचेहरी में मंगलवार को हुई मतगणना के बाद जिला बार एशोसिएसन के निर्वाचन अधिकारी चन्द्रपाल पाल, योगेश कुमार, चुनबाद प्रसाद, सहायक चुनाव अधिकारी विनीत पयासी, दमयंती व आलोक त्रिपाठी ने बताया कि इल्डर कमेटी के चेयरमैन बुआराम शुक्ला व सदस्यों के निदेर्शानुसार परिणाम घोषित कर दिया गया है।

# सीएमओ ने किया संयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने मंगलवार को मुख्य चिकित्साधीक्षक के साथ संयुक्त जिला चिकित्सालय सोनेपुर का निरीक्षण किया। सीएमओ ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान समस्त चिकित्सक एंव पैरामेडिकल स्टाफ रोस्टर के अनुसार डयूटी पर उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के समय संयुक्त अस्पताल में 419 मरीजो को ओपीडी के माध्यम से चिकित्सीय परामर्श दिया जा चुका था तथा तथा 64 एक्स-रे, 397 पैथालॉजी टेस्ट एंव 17 आँख के आपरेशन सम्पादित हो चुके थे। अस्पताल परिसर में संचालित ब्लड बैंक में 37 यूनिट ब्लड से तीन यूनिट ब्लड मरीज को दिया गया एवं एक यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ था। इस दौरान आठ टी.बी. जांच, 22 एच.आई.वी. जांच, 22 सिफलिस जांच एवं 10 ई.सी.जी. की जांच की गई थी। साथ ही सात आयुष्मान कार्ड बनाये गये थे। कुल 27 मरीज भर्ती पाए गए। जननी सुरक्षा वार्ड में नौ प्रसूता भर्ती पाई गई। सीएमओ ने इमरजेंसी, एनबीएसयू, एनीमिया, एसएनसीयू वार्ड का भी निरीक्षण किया। जहां सभी आवश्यक उपकरण एवं दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाई गईं।

सीएमओ ने वार्डों में मानक अनुसार बेडों चादर बिछाने व बदलने के निर्देश दिए। कहा कि मरीजों को बिना किसी भी वजह के रिफर न करें तथा समुचित उपचार प्रदान करें। चिकित्सालय परिसर के पीछे संचालित डायलिसिस वार्ड एवं ऑक्सीजन प्लांट के पास पडे कचरे के ढेर को तत्काल साफ कराने एवं पूरे चिकित्सालय की समय से सफाई एवं पीने के पानी आदि की व्यवस्था ठीक कराने के निर्देश दिए। कहा कि शीत ऋतु के दृष्टिगत भर्ती वार्ड में हीटर, कम्बल आदि की व्यवस्था करें तथा मरीजों के साथ आये हुए परिजनों को भी चिकित्सायल परिसर में रुकने के लिए उचित व्यवस्था करते हुए अलाव की व्यवस्था करें। रैन बसेरा के निरीक्षण के दौरान पर्याप्त जगह होने पर अधिक बेड लगाने को कहा ताकि सर्दी के कारण तीमारदारों को परेशानी न हो। सीएमओ ने चिकित्सालय में बेकार व निष्प्रयोज्य पड़ी सामग्री की नीलामी के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।



अक्रियाशील ऑक्सीजन प्लॉट के निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने प्लांट की मरम्मत के लिए नामित कार्यदायी संस्था साइरेक्स हेल्थ केयर के अधिकारियो को निर्देश दिए। सीएमओ ने चिकित्सालय में आक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए तत्काल दो-तीन दिन के अन्दर आक्सीजन प्लॉट को संचालित कराने के निर्देश दिए। कहा कि मरम्मत होने तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत लोकल स्तर पर उपलब्ध आक्सीजन सिलेण्डर के माध्यम से रोगियो को आक्सीजन की अबाध रूप से आपूर्ति करें।

# मतदाता सूची का अवलोकन कर लें सभी मतदाता : एडीएम



**चित्रकूट।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जनपद में चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ व विधानसभा निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन मंगलवार को राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। मतदाता पंजीकरण का यह कार्य छह जनवरी से छह फरवरी तक किया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर एवं उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू द्वारा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 15 विद्यार्थियों को फार्म छह वितरित कर पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के माध्यम से मृत, शिफ्टेड व डबल पंजीकृत मतदाताओं को हटाकर नए मतदाताओं को जोड़कर शुद्ध मतदाता सूची बनाई गई है, जिसका आज आलेख्य प्रकाशन हो रहा है। कहा कि सभी लोग अपना नाम मतदाता सूची में देख लें यदि किसी का नाम छूट गया हो तो वह फार्म छह भरकर अपना नाम पंजीकृत करा लें और यदि कोई संशोधन है, तो फार्म आठ भर कर संशोधन भी करा लें। बताया कि एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी लोग फॉर्म छह भरकर बीएलओ के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करा लें, ताकि वह मतदाता बन सके। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि की एक जनवरी 2026 से 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवक व युवतियां फार्म छह के साथ आयु संबंधित प्रमाण पत्र, परिवार के किसी सदस्य का इपिक एवं फोटो लगाकर बीएलओ के पास फार्म जमा कर दें या मोबाइल फोन से वोटर हेल्पलाइन एप व पोर्टल के द्वारा भी ऑनलाइन पंजीकरण घर बैठे कर सकते है। बताया कि यह कार्यक्रम छह फरवरी तक चलेगा और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन आगामी छह मार्च को होगा। कार्यक्रम का संचालन सुरेश प्रसाद ने किया।

इस मौके नोडल अधिकारी स्वीप/जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, तहसीलदार कर्वी चंद्रकांत तिवारी, विद्यालय की प्रधानाचार्य शशि कला, डॉ राजीव पाठक, भैरव प्रसाद, डॉ सनत द्विवेदी, नरेंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश में युवक के पैर में मारी गोली

**चित्रकूट।** सरधुवा थाना क्षेत्र के गरीब दास के पुरवा में मंगलवार को पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में कहासुनी होने के बाद गोली चल गई। इस घटना में आरोपी ने युवक के पैर में गोली मार दी।घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक अंतिम सिंह अपना खेत देखने गया था,जहां पहले से घात लगाए बैठे आरोपी ने अवैध असलहे से युवक के ऊपर जानलेवा फायर कर दी। जिसमें युवक के पैर में गोली लग गई।बताया जा रहा है दोनों पक्षों में जमीनी पट्टीदारी को लेकर पुरानी पुरानी चली आ रही है।पूर्व में भी दोनों पक्षों में विवाद हो चुका है,जिसकी रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी। घटना की जानकारी मिलने पर सरधुवा थाना प्रभारी राम सिंह फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए राजापुर सीएससी में भर्ती कराया है।आरोपी की धर पकड़ के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**चित्रकूट।** त्रिस्तरीय पंचायत की निर्वाचक नामांवली का संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया है। साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद निरीक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार वोटर लिस्ट के दावे-आपत्तियों के निस्तारण के बाद हस्तलिखित पांडुलिपियों को तैयार करते हुए सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने एवं संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन, निस्तारण का काम सात जनवरी बुधवार से आगामी 20 फरवरी तक चलेगा। इसके बाद 21 फरवरी से 16 मार्च तक दावे और आपत्तियों के निस्तारण के बाद पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हे मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने एवं यथावश्क मतदान केन्द्रों, स्थलों के निर्धारण की कार्यवाही की जाऐगी। इसी क्रम में 17 से 27 मार्च तक मतदाता सूचियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरांत मतदान केन्द्र, स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एस.वी.एन. आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटों प्रतियां कराने का काम होगा और 28 मार्च को जन-सामान्य के लिए निर्वाचक नामांवलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

# ग्रामोदय में पीएचडी पाठ्यक्रम का हुआ दीक्षारंभ



**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पीएचडी पाठ्यक्रम सत्र 2025-26 का दीक्षारंभ मंगलवार को पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाओं के साथ हुआ। इस दौरान सभी शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शोध करने की सलाह दी गई। दीक्षारंभ कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो आलोक चैबे ने शोध की गुणवत्ता, महत्व एवं उसकी सामाजिक उपादेयता पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी शोधार्थी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकों के अनुरूप अध्ययन के साथ गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थित शोध कार्य करें। कहा कि शोधार्थी को रुचिपूर्वक विषय सामग्री का अध्ययन और शोध प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। शोध निदेशालय के निदेशक प्रो सुधाकर मिश्रा ने रिसर्च वर्क की कक्षाओं, समय सारणी और संलग्न शिक्षको के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि रिसर्च वर्क के अंतर्गत रिसर्च मैथोडॉलोजी, कंप्यूटर एप्लीकेशन, रिसर्च पब्लिकेशन एवं इथिक्स की कक्षाये समय सारणी के अनुसार नियमित रूप संचालित होगी, जिसमें शोधार्थियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होना चाहिए। इस मौके पर कुलसचिव प्रो आरसी त्रिपाठी, अधिष्ठाता प्रो अमरजीत सिंह, प्रो सूर्यकांत चतुवेर्दी, प्रो आञ्जनेय पांडेय, कार्यक्रम संयोजक प्रो सुधाकर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधानों को दिया जाएगा सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लाए जाने के मकसद से उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पर एक जनवरी 2026 से सड़क सुरक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पंचायती राज विभाग ने भी सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में बैठक कर सड़क सुरक्षा का प्रचार-प्रसार किए जाने एवं ग्राम प्रधानों को सड़क सुरक्षा के बारे में मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिए जाने के आदेश दिए हैं। इस कार्यक्रम के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस मौके पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश सिंह एवं यात्री कर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार को प्रचार वाहन द्वारा कर्वी तहसील के अंतर्गत भरतकूप, रौली कल्याणपुर, रसिन, सीतापुर सहित दर्जनों गांव में सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रचार प्रसार कराया गया। इस दौरान एआरटीओ आरपी सिंह व पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी ने आम जनमानस एवं ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। साथ ही उनका पालन करने के लिए जागरुक करते हुए प्रेरित किया।



# बंदूकधारियों के हमले में 40 से ज्यादा ग्रामीणों की मौत, कई महिलाएं और बच्चे अगवा

**नाइजीरिया**

**उत्तरी** नाइजीरिया का नाइजर राज्य एक बार फिर भीषण हिंसा से दहल उठा है। शनिवार शाम भारी हथियारों से लैस बंदूकधारियों ने एक दूरदराज के गांव 'कसुवान-दाजी' पर धावा बोल दिया। इस बर्बर हमले में कम से कम 30 से 40 लोगों के मारे जाने की खबर है, जबकि दर्जनों ग्रामीणों को अगवा कर लिया गया है।

तीन घंटे तक चला खूनी तांडव

स्थानीय निवासियों के अनुसार, हमलावरों ने शनिवार शाम गांव को घेर लिया और निवासियों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों ने न केवल लोगों की जान ली, बल्कि स्थानीय बाजार और घरों को भी आग के हवाले कर दिया।

चश्मदीदों का बयान



ग्रामीणों ने बताया कि यह हमला लगभग तीन घंटे तक चला। दहशत का आलम यह है कि जीवित बचे लोग अपनों के शवों को उठाने के लिए गांव लौटने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

मृतकों की संख्या

जहां पुलिस ने 30 मौतों की पुष्टि की है, वहीं स्थानीय लोगों और कैथोलिक चर्च के प्रवक्ता रेवरेंड फादर स्टीफन कबीरात का दावा है कि मरने वालों की संख्या 40 के पार हो चुकी है।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

हैरान करने वाली बात यह है कि ग्रामीणों ने हमले से एक हफ्ते पहले ही इलाके में संदिग्ध बंदूकधारियों की मौजूदगी की सूचना दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि, पुलिस प्रवक्ता वासिउ अबियोदुन ने दावा किया कि सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं, लेकिन निवासियों ने रविवार तक किसी भी सुरक्षा बल के गांव पहुंचने से इनकार किया है।

अपराधियों का सुरक्षित ठिकाना बने जंगल

पुलिस के अनुसार, हमलावर संभवतः पास के नेशनल पार्क के घने जंगलों से आए थे। नाइजीरिया के ये विशाल और सुनसान जंगल अब सशस्त्र गिरोहों के लिए सुरक्षित ठिकाने बन गए हैं।

पुरानी घटनाएं

यह वही इलाका है जहां पिछले साल नवंबर में एक कैथोलिक स्कूल से 300 से अधिक बच्चों और शिक्षकों का अपहरण किया गया था।

अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया में फिरौती के लिए अपहरण और सामूहिक हत्याएं अब एक गंभीर संकट बन चुकी हैं, विशेषकर उन ग्रामीण क्षेत्रों में जहां सरकार और सुरक्षा बलों की पहुंच सीमित है।

## अमेरिकी सैन्य कार्रवाई को युद्ध का कृत्य बताया



**न्यूयॉर्क**

**न्यूयॉर्क** शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने कहा है कि उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिकी सेना द्वारा पकड़े जाने के विरोध में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सीधे बात की।

ममदानी ने एक संप्रभु राष्ट्र पर एकतरफा हमले को युद्ध का कृत्य करार दिया। मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस पर न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले में आपराधिक आरोप तय किए गए हैं और उन्हें आरोपों का सामना करने के लिए शहर लाया गया है।

ममदानी ने एक प्रेस वार्ता में वेनेजुएला की स्थिति और मादुरो को पकड़े जाने के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को फोन किया और इस कृत्य को लेकर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए उनसे सीधे बात की। उन्होंने कहा, मैंने अपना विरोध दर्ज कराया। मैंने अपनी बात साफ-साफ कह दी और बात वहीं खत्म हो गई।

हालांकि ममदानी ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि ट्रंप ने उन्हें क्या जवाब दिया। यह असाधारण अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम ममदानी के न्यूयॉर्क शहर के मेयर के रूप में शपथ लेने के ठीक दो दिन बाद हुआ है।

ममदानी को उनके ह्यचीफ ऑफ स्टाफह्न और पुलिस आयुक्त समेत प्रशासन के अधिकारियों ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को अमेरिकी सेना द्वारा पकड़े जाने और न्यूयॉर्क शहर में संघीय हिरासत में रखने जाने के बारे में जानकारी दी।

ममदानी ने कहा कि सत्ता परिवर्तन का खुलेआम प्रयास न्यूयॉर्कवासियों को प्रभावित करता है, जिनमें शहर में रहने वाले वेनेजुएला के लोग भी शामिल हैं। नव नियुक्त मेयर ने एक बयान में कहा, किसी संप्रभु राष्ट्र पर एकतरफा हमला करना युद्ध का कृत्य है और संघीय एवं अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।

इस बीच, संसद के निचले सदन की स्थायी ह्यसेलेक्ट कमेटी ऑन इंटेलिजेंसह्न के वरिष्ठ सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि हालांकि मादुरो एक अवैध तानाशाह हैं जिन्होंने वेनेजुएला के लोगों को भारी पीड़ा पहुंचाई है लेकिन यह वास्तविकता किसी भी राष्ट्रपति को कांग्रेस (संसद) की अनुमति के बिना सैन्य बल का प्रयोग करने का खुला अधिकार नहीं देती।

## बीजिंग ने की निकोलस मादुरो की रिहाई की मांग

**चीन**

**चीन** के विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि अमेरिका को वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करना चाहिए। चीन के अनुसार, वेनेजुएला के संकट को बातचीत और आपसी समझौते के जरिए सुलझाया जाना चाहिए।

मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि अमेरिका को मादुरो और उनकी पत्नी की व्यक्तिगत सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी चाहिए। चीन ने जोर देकर कहा कि उन्हें देश से बाहर निकालना अंतरराष्ट्रीय कानून और नियमों का उल्लंघन है।



चीनी विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में अपील की, 'अमेरिका राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी की सुरक्षा की गारंटी दे, उन्हें तुरंत आजाद करे और वेनेजुएला की सरकार को गिराने की कोशिशें बंद करे।' चीन ने अमेरिकी कार्रवाई को 'अंतरराष्ट्रीय कानून का सीधा उल्लंघन' करार दिया।

## ईरान में विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या 15 हुई

**ईरान**

**ईरान** की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के कारण भड़के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है। एक मानवाधिकार एजेंसी ने यह जानकारी दी।

अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने रविवार सुबह बताया कि ईरान के 31 प्रांतों में से 25 प्रांतों में 170 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन हुए हैं। उसने बताया कि मरने वालों की संख्या कम से कम 15 हो गई है और 580 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच, ईरान के सर्वोच्च नेता ने देश में




अशांति उत्पन्न करने वाले विरोध प्रदर्शनों को लेकर कहा कि दंगाइयों पर सख्ती करनी होगी।

सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की ये टिप्पणियां एक सप्ताह से जारी प्रदर्शनों के प्रति अधिकारियों को अधिक आक्रामक रुख अपनाने की अनुमति देने का संकेत प्रतीत होती हैं। विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा के संबंध में 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की यह पहली टिप्पणी है। विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला थमता नहीं दिख रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर तेहरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा करता है, तो अमेरिका ह्यउनको बचाने के लिए आगे आएगाह्न यह हालांकि, अभी स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप हस्तक्षेप करेंगे या नहीं और यदि करेंगे तो कैसे करेंगे लेकिन उनकी टिप्पणियों को लेकर ईरान ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

## अमेरिकी कार्रवाई खतरनाक मिसाल कायम करती है

**अमेरिका**

**संयुक्त** राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने वेनेजुएला और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई पर चिंता जताते हुए कहा कि ये घटनाक्रम खतरनाक मिसाल कायम करते हैं। महासचिव के प्रवक्ता की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि गुतारेस ह्यह्यवेनेजुएला में हाल में हुए उस घटनाक्रम से अत्यंत चिंतित हैं जिसके तहत अमेरिका ने आज देश में सैन्य कार्रवाई की और क्षेत्र के लिए इसके संभावित रूप से




चिंताजनक निहितार्थ हो सकते हैं। गुतारेस ने कहा कि वेनेजुएला की स्थिति से अलग, ये घटनाक्रम एक खतरनाक मिसाल कायम करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें ह्यह्यइस बात की गहरी चिंता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान नहीं किया गया।

मादुरो और उनकी पत्नी पर न्यूयॉर्क के संघीय अधिकारियों ने मादक पदार्थों से संबंधित आतंकवाद की साजिश और अमेरिका के खिलाफ विनाशकारी उपकरण रखने की साजिश के आरोपों में अभियोग लगाया है।

## डेल्सी रोड्रिग्ज बनीं अंतरिम राष्ट्रपति

**अमेरिका**

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस की गिरफ्तारी के बाद देश में सियासी संकट गहरा गया है। वेनेजुएला की अदालत ने 56 वर्षीय डेल्सी रोड्रिग्ज को देश का अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त करने का आदेश दिया है।

रोड्रिग्ज ने अमेरिका को दी चेतावनी

पद संभालने से पहले, रोड्रिग्ज ने टेलीविजन पर लाइव संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने अमेरिकी सेना के 'मिडनाइट ऑपरेशन' की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने मादुरो और उनकी पत्नी की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी दी कि वेनेजुएला अपनी संप्रभुता और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। रोड्रिग्ज ने स्पष्ट किया कि मादुरो ही देश के एकमात्र वैध नेता हैं।

कहां है निकोलस मादुरो?

दूसरी ओर, हिरासत में लिए गए निकोलस मादुरो को अमेरिका ले जाया जा चुका है। ताजा जानकारी के अनुसार, उन्हें न्यूयॉर्क की एक फेडरल जेल (मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर) में रखा गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि सोमवार को उन्हें पहली बार मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस बीच, वॉशिंगटन से आ रहे बयानों ने दुनिया भर में हलचल तेज कर दी है, क्योंकि अमेरिका अब सीधे तौर पर वेनेजुएला के प्रशासन में दखल दे रहा है।

ट्रंप का बड़ा ऐलान

फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में एक प्रेस



कॉन्फ्रेंस के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा ऐलान किया। ट्रंप ने कहा कि वेनेजुएला को फिलहाल 'अस्थायी अमेरिकी नियंत्रण' में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हम तब तक वहां का शासन चलाएंगे जब तक एक सुरक्षित और समझदारी भरा बदलाव नहीं हो जाता।' ट्रंप ने तर्क दिया कि वे वेनेजुएला को किसी ऐसे हाथों में जाने का जोखिम नहीं उठा सकते जो वहां की जनता के हित में काम न करे।

## व्हाइट हाउस ने वीडियो जारी कर उड़ाया निकोलस मादुरो का मजाक

**अमेरिका**

**वेनेजुएला** के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस की नाटकीय गिरफ्तारी के एक दिन बाद, व्हाइट हाउस ने सोशल मीडिया पर एक विवादित वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में न केवल मादुरो का मजाक उड़ाया गया है, बल्कि शनिवार को काराकास में किए गए अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन की फुटेज भी दिखाई गई है।

व्हाइट हाउस द्वारा शेयर किए गए इस एडिटेड वीडियो में मादुरो के उन पुराने भाषणों के क्लिप्स का इस्तेमाल किया गया है, जिनमें वे अमेरिका को चुनौती दे रहे थे। वीडियो के सबटाइटल्स में बड़े अक्षरों में लिखा है, 'आओ मुझे ले जाओ, मैं इंतजार करूंगा'



और 'कायर!'। जैसे ही मादुरो के ये पुराने बयान खत्म होते हैं, वीडियो शनिवार को काराकास में हुए धमाकों और अमेरिकी फाइटर जेट्स की उड़ान के फुटेज पर कट जाता है, जो मादुरो की गिरफ्तारी की ओर इशारा करता है।

सेक्रेटरी ऑफ वॉर की चेतावनी, मौका खत्म हो गया

वीडियो में अमेरिकी सेक्रेटरी ऑफ वॉर पीट हेगसेथ का एक कड़ा संदेश भी शामिल है। उन्होंने कहा, 'निकोलस मादुरो के पास मौका था, लेकिन अब वह खत्म हो चुका है।' हेगसेथ ने राष्ट्रपति ट्रंप की कार्यशैली की तारीफ करते हुए चेतावनी दी, 'लोगों को यह समझने की जरूरत है कि यह ऐसे राष्ट्रपति नहीं हैं जो सिर्फ बातें करते हैं या प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं। अगर वह गंभीर हैं, तो उनका मतलब वही होता है। इस राष्ट्रपति के साथ गेम मत खेलो, क्योंकि इसका नतीजा अच्छा नहीं होगा।'

अमेरिकी सैन्य इतिहास का 'सबसे शानदार प्रदर्शन'

वीडियो में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी नजर आ रहे हैं, जो अपनी सेना की पीठ थपथपा रहे हैं। उन्होंने इस ऑपरेशन को अमेरिकी सैन्य इतिहास का सबसे 'शक्तिशाली और असरदार' प्रदर्शन करार दिया। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है।

## खैबर पख्तूनख्वा में बंदूकधारियों के हमले में चार पुलिसकर्मी मारे गए

**पाकिस्तान**

**उत्तर पश्चिमी** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा की गई गोलीबारी की दो अलग-अलग घटनाओं में कम से कम चार पुलिसकर्मी मारे गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि ये घटनाएं शनिवार को प्रांत के लक्की मरवत और बन्नू जिलों में हुईं। लक्की मरवत पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार, अज्ञात मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने सराय नौरंग शहर में गोलीबारी की,



जिसमें ड्यूटी पर तैनात तीन यातायात पुलिस अधिकारियों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हमले के बाद हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए।

वहीं, बन्नू पुलिस ने कहा कि मंदान इलाके में हुई गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। इसने बताया कि संबंधित कांस्टेबल पर तब गोलीबारी की गई ।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## मादुरो की गिरफ्तारी और कराकास पर हमला, ट्रंप के एक्शन के पीछे की 3 बड़ी वजहें

**● वेनेजुएला ने इसे अपने तेल संसाधनों पर कब्जे की अमेरिकी साजिश करार दिया है। कराकास पर हुए इस हमले ने दोनों देशों के बीच तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है, जिसके वैश्विक राजनीति पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं।**

**अमेरिका**

**वेनेजुएला** की राजधानी कराकास के लिए एक भयानक सपना साबित हुई। पूरा शहर तेज धमाकों और आसमान में नीची उड़ान भरते लड़ाकू विमानों की गूंज से दहल उठा। इससे पहले कि दुनिया इस हलचल का मतलब समझ पाती, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक सनसनीखेज दावा कर सबको चौंका दिया। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला में एक 'बड़ा हमला' किया है और वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी के साथ गिरफ्तार कर देश से बाहर ले जाया गया है।

क्या हुआ?

इस पूरे ऑपरेशन को बेहद गोपनीय तरीके से अंजाम दिया गया। चश्मदीदों के मुताबिक, कराकास में सैन्य ठिकानों के आसपास की बिजली काट दी गई थी और आसमान में धुएं के गुबार साफ देखे जा सकते थे।



डोनाल्ड ट्रंप ने क्या कहा?

ट्रंप ने बताया कि यह अमेरिकी सेना और कानून प्रवर्तन एजेंसियों का एक साझा मिशन था। उन्होंने इस ऑपरेशन की सफलता के लिए सैनिकों की तारीफ की और कहा कि इसकी पूरी जानकारी जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जाएगी।

अमेरिका ने हमला क्यों किया?

ट्रंप प्रशासन ने इस हमले के पीछे तीन मुख्य कारण बताए हैं।

नारको-टेररिज्म (ड्रग तस्करी): ट्रंप का आरोप है कि मादुरो खुद एक ड्रग कार्टेल चलाते हैं और अमेरिका में कोकीन और फेंटानिल जैसी नशीली दवाएं भेजने के लिए जिम्मेदार हैं।

प्रवासन: ट्रंप ने बिना सबूत दावा किया कि मादुरो अपनी जेलों और पागलखानों को खाली कर अपराधियों को जबरन अमेरिका भेज रहे हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा: अमेरिका का मानना है कि मादुरो सरकार क्षेत्र की शांति के लिए खतरा है।

कराकास का पक्ष

दूसरी ओर, वेनेजुएला की सरकार ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत और बेबुनियाद बताया है। कराकास का कहना है कि अमेरिका असल में उनके विशाल तेल संसाधनों पर कब्जा करना चाहता है और 'ड्रग्स के खिलाफ जंग' को सिर्फ एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। सरकार ने इसे देश की संप्रभुता पर सीधा हमला बताते हुए अपने समर्थकों से एकजुट होने की अपील की है। इलाके में पहले से ही अमेरिकी युद्धपोत वरर गेराल्ड आर फोर्ड की मौजूदगी ने तनाव को चरम पर पहुंचा दिया था।

आगे क्या?

फिलहाल वेनेजुएला में स्थिति बेहद अनिश्चित बनी हुई है। पूरी दुनिया इस बात को लेकर चिंतित है कि क्या अमेरिका का यह कदम वहां लोकतंत्र की बहाली करेगा या फिर यह दक्षिण अमेरिका में एक लंबे और खूनी संघर्ष की शुरूआत है। आने वाले कुछ दिन वेनेजुएला और वैश्विक राजनीति के लिए बहुत महत्वपूर्ण होने वाले हैं।